डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
23 जनवरी 2024
मंगलवार

**आज का मौसम**
23 अधिकतम
11 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



## दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब, टूटे सारे तटबंध

**अयोध्या, एजेंसी।**

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब रामलला के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। आज से मंदिर आम दर्शनों के लिये खोला गया है। दर्शन के लिये हजारों लोग तड़के तीन बजे ही अयोध्या के मुख्य द्वार पर पहुंच गए। दर्शन का समय सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता रहा, वैसे-वैसे अयोध्या में भीड़ बढ़ती रही। हालात यह हो गये कि पुलिस और प्रशासन के लिए हालात काबू करना मुश्किल हो रहा है। भीड़ को काबू करने के लिए प्रशासन ने फैसला लिया है कि अयोध्या में राम पथ पर वाहनों की अनुमति नहीं होगी। मतलब भक्तों को यहीं से पैदल जाना होगा। कई लौग इस कारण परेशान होते नजर आए।

### मंदिर को सुरक्षित रखने के जतन

रामलला की प्रतिमा के बारे में दावा किया जा रहा है कि ये हजारों सालों तक सुरक्षित रहेगी। दरअसल सवाल यह है कि पहले भी पांच बार रास्ता बदल चुकी सरयू नदी ने फिर रास्ता बदला तो क्या होगा? लिहाजा मंदिर बनाने की तैयारी के दौरान इंजीनियरों ने मंदिर को सुरक्षित रखने कई जतन किये हैं। बताया जाता है कि जमीन से कई फीट नीचे तक भुरभुरी मिट्टी मिलती रही थी, यह बड़ी समस्या थी क्योंकि इससे नींव ही कमजोर हो सकती थी। यूं तो नदियों का रास्ता बदलना कोई अजूबी बात नहीं है। कोसी नदी को सबसे ज्यादा 33 बार अपना रास्ता बदलने के लिए जाना जाता है। अयोध्या में तकनीकी विशेषज्ञों ने बहुत गहराई से होमवर्क करने के बाद वो डिजाइन बनाया जो नदी के रास्ता बदलने या भूकंप जैसी आपदा में भी श्रीराम मंदिर को प्रोटेक्ट कर सके। चारों ओर एक रिटेनिंग वॉल तैयार की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वॉल जमीन के भीतर करीब 12 मीटर लंबी और सरफेस से ऊपर की ओर 11 मीटर की है. इसमें ग्रेनाइट के पत्थर लगे हुए हैं क्योंकि वो पानी को बेहतर तरीके से सोखते हैं. मंदिर का तीन मंजिल भवन की फाउंडेशन में रत्तीभर भी लोहे का इस्तेमाल नहीं हुआ है। क्योंकि मौसम, पानी से लोहे की मजबूती कम होती है। यहां तक कि सबसे बढ़िया क्वालिटी का आयरन भी 100 साल से कम उम्र ही रहता है।

**मोदी द्वारा साझा वीडियो में क्या?:** पीएम नरेंद्र मोदी ने आज एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'अयोध्या में कल हमने जो कुछ भी देखा, वह आगे कई वर्षों तक हमारी स्मृतियों में रहेगा।' पीएम के इस वीडियो में भक्तों की भावनाओं से लेकर कार्यक्रम में शामिल हुई हस्तियों की प्रार्थनाएं और भावुकता को भी प्रदर्शित किया गया है।

**दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन : केन्द्र व राज्य सरकारें मिलकर करेंगे काम**

## खनिज आत्मनिर्भरता के लिए भोपाल में बन रही नीति, 20 राज्यों के मंत्री जुटे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

देशभर के खनन मंत्रियों के सम्मेलन में सम्मेलन में आज मिनरल ब्लाक ऑक्शन में उल्लेखनीय कार्य के लिए मध्य प्रदेश को देश में प्रथम स्थान मिला तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के हाथ से पुरस्कार ग्रहण किया। इस सम्मेलन में खनन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए राज्य सरकारों द्वारा केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने की रणनीति बनाई जा रही है। इसका आयोजन आज सुबह शुरू हुआ है। खनन क्षेत्र में हुए सुधारो और नवाचारों के संबंध में भी इसमें जानकारी दी गई। इस सम्मेलन में 20 राज्यों के खनिज मंत्री हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर 'माइनिंग एंड बियॉन्ड' विषय पर प्रदर्शनी भी कुशाभाऊ ठाकरे सभागार परिसर में लगाई गई है। मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया, जिला खनिज प्रतिष्ठान सहित देश की प्रमुख खनन कंपनियो, निजी एजेंसियों और स्टार्ट-अप्स द्वारा अपनी उपलब्धियां को प्रदर्शित किया गया है। इस सम्मेलन के दौरान खनन क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन राज्यों को सम्मानित किया गया।

खास बात यह है कि यह राज्य खनन मंत्रियों का दूसरा सम्मेलन है। पहली बार यह सम्मेलन सितंबर 2022 में हैदराबाद में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में शिरकत करने भोपाल पहुंचे जोशी ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर सीएम डा. यादव से सौजन्य भेंट की।

**ऑक्शन में अव्वल ....**



*मिनरल ब्लाक ऑक्शन में उल्लेखनीय कार्य के लिए मध्य प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने खनन मंत्रियों के सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री से पुरस्कार प्राप्त किया।*

## अब एम्स में होगा गैस पीड़ितों का इलाज, करार हुआ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्य सरकार व एम्स के बीच करार के बाद अब कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे गैस पीड़ितों का भोपाल के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निशुल्क उपचार का रास्ता साफ हो गया है। भोपाल गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग और एम्स भोपाल के बीच यह एमओयू साइन किया गया। बताया जाता है कि इस तरह के इलाज के संबंध में उच्च न्यायालय ने गैस राहत विभाग से पूछा था और अगली पेशी 24 जनवरी को जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया था। इसीलिए गैस राहत विभाग ने इस संदर्भ में एम्स से एमओयू साइन किया। गैस पीड़ित संगठनों ने बीएमएचआरसी प्रबंधन से भी मांग की है कि वे जल्द ही कदम उठाएं, जिससे अस्पताल में कैंसर विभाग शुरू किया जा सके।






## कूनो में ज्वाला ने दिया तीन चीता शावकों को जन्म

**ग्वालियर, दोपहर मेट्रो**

नामीबिया ने कूनो नेशनल पार्क लाई गई ज्वाला नामक चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इससे पहले नामीबियाई चीता आशा ने भी 3 जनवरी को तीन शावकों को जन्म दिया गया था। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि 'ज्वाला नाम की नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है। उन्होंने लिखा- देश भर के सभी वन्यजीव अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं और वन्यजीव प्रेमियों को बधाई।'



## छग में आम आदमी पार्टी को झटका दिया भाजपा में



**रायपुर एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही सियासी सरगर्मी के बीच छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आप के बड़े पदाधिकारी आज भाजपा में प्रवेश ले रहे हैं। जानकारी के मुताबिक आइएनडीआइए गठबंधन से नाराजगी और प्रदेश के विधानसभा चुनाव 90 सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतारने से आप के कई बड़े पदाधिकारी हाईकमान से नाराज चल रहे थे।

## युवकों को पीटने पर एसडीएम सस्पेंड

**भोपाल।** बांधवगढ़ एसडीएम अमित सिंह की कथित गुंडागर्दी का एक वीडियो सामने आने के बाद मचे हडकंप के बीच उन्हें हटा दिया गया है। आज सीएम डॉ मोहन यादव ने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बांधवगढ़ एसडीएम द्वारा दो युवकों से मारपीट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एसडीएम को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सुशासन की सरकार है। प्रदेश में आमजन से इस तरह का अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस वीडिय के वायरल होने के बाद पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है। इस बारे में जानकारी देते हुए एसपी निवेदिता नायडू ने बताया कि एफआइआर एसडीएम अमित सिंह के अलावा तहसीलदार विनोद कुमार, एसडीएम के वाहन चालक नरेन्द्र दास पनिका और तहसीलदार के सहयोगी संदीप सिंह के खिलाफ दर्ज की गई है। एफआइआर दर्ज होते ही एसडीएम अमित सिंह पद से हटा दिए गए हैं।

## नीतीश कुमार ने बढ़ाया सस्पेंस, अचानक पहुंचे राजभवन



**पटना एजेंसी।** बिहार में आज बड़ी सियासी हलचल से राजनीतिक पारा हाई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक बिहार के राज्यपाल से मिलने राजभवन पहुंच गये। मुख्यमंत्री के साथ जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी भी रहे। राजभवन पहुंचने से पहले सीएम नीतीश एक सरकारी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। करीब पौन घंटे सीएम नीतीश कुमार की राज्यपाल के साथ बैठक चली। हालांकि, नीतीश किस बारे में बात करने के लिए राज्यपाल के पास पहुंचे, यह बात फिलहाल स्पष्ट नहीं है। नीतीश के अचानक राज्यपाल के पास पहुंचने से सियासी सरगर्मियां इसलिए बढ़ गई हैं, क्योंकि पिछले कुछ समय से नीतीश के एनडीए में वापस जाने की अटलकलें लगाई जा रही है। ये अटकलें तब और तेज हो गई, जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक अखबार को दिए इंटरव्यू में जेडीयू और नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी की संभावना कहा कि प्रस्ताव आएगा तो विचार करेंगे

## राहुल पहुंचे गुवाहाटी, पैदल मार्च की मंजूरी नहीं

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज गुवाहाटी पहुंच गई। कल भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम से मेघालय पहुंची थी और अब असम में अपने आखिरी पड़ाव के लिए फिर से असम के गुवाहाटी पहुंची है। राहुल गांधी आज गुवाहाटी में छात्रों और सिविल सोसाइटी के लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कांग्रेस का दावा है कि उनकी योजना गुवाहाटी में रोड शो या पदयात्रा करने की थी, लेकिन सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी। राहुल दोपहर में कामरूप जिले के दमदमा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करने वाले हैं। इसके बाद न्याय यात्रा बरपेटा जिले में पदयात्रा करेगी। बिष्णुपुर में न्याय यात्रा रात्रि विश्राम करेगी।



## भारत के पक्ष में आए मस्क ताकतवर देशों पर बरसे

**नई दिल्ली एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ एलॉन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वैश्विक देशों के सदस्यों के बारे में अपनी राय रखते हुए भारत की स्थायी सदस्यता का जोरदार समर्थन किया है। बीते दिनों महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने यूएनएससी में अफ्रीकी देशों का प्रतिनिधित्व पर अफसोस जताया था। टेस्ला के सीईओ एलॉन मस्क ने अब कहा कि सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य न होना बिल्कुल बकवास है। अब संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी संस्थाओं के पुनर्गठन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समस्या ये है कि वैसे देश जिनके पास अधिक शक्ति है वे इसे अपने हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं।



**मेट्रो एंकर** | राजपथ पर गत्रतंत्र दिवस समारोह की तैयारी...

## इस बार तंगैल फॉर्मेशन में वायुसेना का फ्लाईपास्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इस बार गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड के दौरान भारतीय वायुसेना के विमान तंगैल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। भारतीय वायुसेना ने इसकी जानकारी साझा की दी है। इस फ्लाइपास्ट के दौरान वायुसेना का हेरिटेज विमान डाकोटा और दो डॉर्नियर डीओ-228 विमान उड़ान भरेंगे। यह विमान एविएशन टर्बाइन फ्यूल और बायोफ्यूल के मिश्रण से तैयार किए फ्यूल से उड़ान भरेंगे। दरअसल 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान बांग्लादेश के तंगैल इलाके में भारतीय सेना ने एक खास ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन की वजह से ही पाकिस्तान के बांग्लादेश से पांव उखड़ गए थे और भारत की जीत तय हो गई थी। यही था ऑपरेशन तंगैल, जिसमें भारतीय सेना की पूरी एक टुकड़ी को बांग्लादेश के तंगैल में एयर ड्रॉप कराया गया था। जब 1971 में भारत-पाकिस्तान की लड़ाई छिड़ी हुई थी तो पाकिस्तान की सेना ने ढाका को कब्जाने के मकसद से हजारों की संख्या में अपने सैनिकों की ढाका की तरफ रवाना किया था। भारतीय सेना को जब इसकी भनक लगी तो लेफ्टिनेंट कर्नल कुलदीप सिंह पन्नू की अगुवाई में भारतीय सेना के पैराट्रूपर्स की एक बटालियन ने तंगैल में एयरड्रॉप किया। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय वायुसेना के 52 विमानों से करीब 700 पैराट्रूपर्स कूदे थे। साथ ही जवानों के हथियारों और वाहनों को भी एयर ड्रॉप किया गया।

### पाकिस्तानी सेना को घेरा

**तंगैल में जमना नदी पर एक पुल था, जो ढाका जाने का रास्ता था। भारतीय सैनिकों ने इस पुल पर पाकिस्तानी सेना पर हमला बोल दिया और साथ ही इस पुल को तबाह कर दिया। जिससे पाकिस्तानी सेना के पांव उखड़ गए। माना जाता है कि ऑपरेशन तंगैल के बाद ही पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी के नेतृत्व में आत्मसमर्पण करने का रास्ता साफ हो गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह दुनिया का सबसे बड़ा एयरबोर्न ऑपरेशन था।**



# राममय हुई राजधानी



चित्र करुणाधाम

## भोपाल में भी मनी दिवाली







अयोध्या में राममंदिर प्राणप्रष्ठिा का जश्न भोपाल में देर रात तक चला। लोगों ने दीप जलाकर व आतिशबाजी करके उल्लास प्रकटकिवा। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र के लोग इस उत्सव में शामिल रहे।





**अयोध्या धाम में** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर भोपाल में आयोजित रामधुन एवं सफाईमित्रों के सम्मान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश भाजपा संवाद प्रमुख आशीष अग्रवाल एवं कई भाजपा नेता पदाधिकारी मौजूद रहे।



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा एवम उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष्य में 5 नंबर रवि शंकर शुक्ल मार्केट में हनुमान चालीसा पाठ एवं भव्य महाआरती व प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। स्थानीय पार्षद एवम आयोजक योगेन्द्र सिंह चौहान सहित कांग्रेस नेतागण , कार्यकर्ता व धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे।



**अपेक्स बैंक** मुख्यालय के न्यू मार्केट स्थित प्रांगण में भोलेनाथ के मंदिर के समीप राम उत्सव पर्व सुन्दरकांड का पाठ, सामूहिक आरती, भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण का आयोजन बैंक के प्रबंधक संचालक मनोज कुमार गुप्ता के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्रबंध संचालक पी एस तिवारी, सहकारिता विभाग के उप सचिव मनोज सिन्हा, बैंक के पूर्व एवं वर्तमान विशेष क. अधिकारी अरुण मिश्र, के के द्विवेदी, कृति सक्सेना, संजय मोहन भटनागर, अरुणा दुबे, आर. एस. चंदेल, अरविन्द बौद्ध, के.टी. सज्जन, विवेक मलिक, करूण यादव, समीर सक्सेना, आर.वी.एम.पिल्लई, अरविंद वर्मा, अजय देवड़ा, आशीष राजौरिया, एस के जैन सहित बैंक के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर बैंक की महिला कर्मचारीगण ने आकर्षक रंगोली भी बनाई।



भाभा विश्वविद्यालय में रामलला के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आस्था,उमंग और बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ।

### बच्चों, समाजसेवियों ने हरे राम, राम-राम, हरे राम की रट लगाई

## रामलला का स्वागत रामधुनी से किया संतनगर ने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में एक दिवसीय अखंड रामधुनी का शुभारम्भ भगवान श्रीराम जी एवं संतजी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर हुआ। समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी, महेश दयारामानी, अनिल चोटरानी, राजेश हिंगोरानी ने किया।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि आज से यह हिंदुस्तान हिन्दू राज्य बन जाएगा, जिस श्रद्धा व विश्वास के साथ यहां अखण्ड रामधुन लगी है ऐसा दृश्य दूसरी जगह देखने को नहीं मिलता। रामधुनी अतिथियों ने कहा कि वह रामधुनी है हमारे जीवनकाल में पहली बार लगायी जा रही है, श्रीराम जी हम सभी के हृदय में बसे हुए हैं और इस पावन दिन के हम सभी साक्षी है, हमारी संस्कृति का आधार है मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम। हमारा भाग्यशाली हैं कि हमें राम-नाम का जाप करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, आज हमारे यहां श्रीराम पधार रहे हैं उनके चल समारोह में सभी उपस्थित हो ऐसा हम सभी का निवेदन है।



धुनी में मनोहर वीधानी, कमल प्रेमचंदानी, रमेश हिंगोरानी, दिनेश वाधवानी, नरेश वासवानी, जानकीलाल भारानी, तुलसी आडवानी, नारायणदास लालवानी, मोहन लालवानी, मुरली भगतानी, पंकज गुरमलानी आदि गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने श्रद्धा के साथ रामधुनी लगायी। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक सुंदर झलकी मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएगें राम आएगें प्रस्तुत की गई।

## नगर निगम ने आवारा कुत्तों की खोजखबर लेना फिर की बंद, पेट लवर हुए सक्रिय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक कम नहीं हुआ है, बल्कि बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति के बावजूद निगम के अधिकारियों ने आवारा कुत्तों की खोजखबर बंद कर दी है तो वहीं कुछ पेट लवर फिर सक्रिय हो गए हैं। ये आवारा कुत्तों का विरोध करने वालों को कानूनी मामलों में उलझाने की धमकी दे रहे हैं। हाल ही में एक बच्चे को आवारा कुत्तों ने आगन से उठाकर ले गया था और उसका एक हाथ उखाड़ दिया, नोंचने के कारण उसकी मौत् हो गई थी, इसके बाद निगम प्रशासन हरकत में आया था और आवारा कुत्तों की धरपकड़ तेज हुई थी लेकिन उसके बाद मामला ठंड बस्ते में चला गया है जबकि चौक-चौराहों पर कुत्ते हमला कर रहे हैं जिसके कारण अस्पतालों में रोज 50 ये 60 मामले आ रहे हैं, जो रेबीज के टीके लगाने की मांग करते हैं।

**विवाद पर उतारु पेट लवर :** आवारा कुत्तों से सख्ती से निपटने के खिलाफ लगभग हर गली मोहल्ले में पेट लवर सक्रिय है, जो आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने में बांधक बन रहे हैं। यही नहीं, कई कॉलोनियों के रहवासियों को ऐसे पेट लवर से



शिकायत है कि ये पेट लवर कॉलोनियों में थोड़ा बहुत खाना और बिस्किट देकर आवारा कुत्तों को बढ़ावा देने की स्थिति पैदा कर रहे हैं।

**नसबंदी ही सही तरीका :** जानकारों के मुताबिक आवारा कुत्तों से निपटने का सही तरीका इनकी नसबंदी है, जब तक इस पर सख्ती से काम नहीं होगा, तब तक यह स्थिति बनती रहेगी। इनकी संख्या तो बढ़ेगी, साथ में खतरा भी बढ़ेगा और यह खतरा किसी को भी मुश्किल में डाल सकता है क्योंकि आवारा कुत्ते किसी भी काट सकते हैं।

**संख्या बढ़ने से बन रही विवाद की स्थिति :** इन आवारा कुत्तों की संख्या एकदम से बढ़ गई है, इसका अंदाजा निगम को भी नहीं है। आबादी बढ़ने के कारण से भोजन के संकट से जूझ रहे हैं, जिसके कारण आक्रमक हो रहे हैं।

### कुत्ते के काटने से 4 साल के मासूम की मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आसिमा मॉल के पास बस्ती में रहने वाले चार साल के मासूम को कुत्ते ने काट लिया। परिजन उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां उसे इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। बीती देर रात मासूम की तबीयत बिगड़ी और परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे। एम्स में कुछ देर चले इलाज के बाद मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। कटारा हिल्स पुलिस ने बताया कि सुलेमान पिता स्वर्गीय जीवन (4) आसिमा मॉल के पास गणेश नगर बस्ती में रहता था। गत 6 जनवरी को उसे कुत्ते ने काट लिया था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे और 18 जनवरी को इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। परिजन उसे घर ले आए थे। सुलेमान की नानी लहारपुर बागमुगलिया में रहती है। मां उसे नानी के घर लाई थी। बीती रात करीब दो बजे के आसपास सुलेमान की तबीयत बिगड़ी और परिजन उसे इलाज के लिए एम्स ले गए। एम्स में इलाज के दौरान सुलेमान की मौत हो गई।

**मेट्रो एंकर** | श्री रामलाल प्राण प्रतिष्ठा पर दीपोत्सव, भगवामय, राममय हुआ संतनगर

## श्रीराम उत्सव यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा पर संतनगर में निकाली गई श्रीराम उत्सव शोभा यात्रा में जनसैलाब उमड़ा। जहां भगवामय संतनगर में भगवाधारियों के उत्साह और उमंग ने शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बनाया। वहीं शाम ढलते ही दीपोत्सव मनाते नजर आया संतनगर। घर, प्रतिष्ठान रोशनी से नहाए और आतिशबाजी ने जय श्रीराम का घोष किया।

शोभा यात्रा समिति ने उपनगर के पुराने बस स्टैंड चौराहे से शोभा यात्रा शुरू की, जिसका शुभारंभ सांसद प्रज्ञा भारती, विधायक रामेश्वर शर्मा, वेदांत संत लालसाईंजी ने किया। जय श्रीराम के घोष के साथ श्रीराम उत्सव का आगाज हुआ। बैंड बाजों, डीजे और रथों पर सवार धर्म गुरू और कलश लिए हुए महिलाएं श्रीराम का उत्सव शुरू किया। भजनों पर झूमते हुए राम भक्त की टोलियां



संतनगर की परिक्रमा पर निकलीं। मुख्यमार्ग पर शोभा यात्रा के स्वागत में भगवा स्वागत द्वार लगाए गए थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्वागत मंचों ने भगवाधारियों का स्वागत किया।

शोभा यात्रा में वेदांत संत लालसाई ने कहा कि शतकों की तपस्या और संघर्ष की जय का उत्सव है आज। भगवान राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ भारत में राम राज का आगाज हुआ है। भव्य शोभा यात्रा के लिए लालसाई ने कहा यह वह उत्सव है जो कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

### शतकों का सपना हुआ साकार

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा देश ने आज वह सपना साकार होते देखा है, जो 500 सालों से उसकी आंखों में था। मंदिर वहीं बनाएंगे का संकल्प आज पूरा हुआ है। राम लला टाट से ठाठ में पहुंचे हैं। शर्मा ने एतिहासिक शोभा यात्रा के लिए संतनगर वासियों का आभार जताया। हालांकि शर्मा ने कहा आज उत्सव का दिन है, समूचा देश राममय है।



### बलिदान सैकड़ों कार सेवकों ने

विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि संत, साधकों की तपस्या यह अनुष्ठान पूरा हुआ है। न जाने कितने लोगों ने अपने रामलला के लिए खुद को बलिदान किया। अयोध्या में राम मंदिर संकल्प को पूरा करने के जुनून की मिसाल है।

**दीपोत्सव मना :** शोभा यात्रा के समापन मौके पर दीपोत्सव मनाया गया। जमकर आतिशबाजी भी की गई। घर-दुकानों पर लोगों ने रोशनी की। शाम ढलने के साथ संतनगर का माहौल दीपावली सा नजर आने लगा था। रात तक आसमानी आतिशबाजी होती रही।




# 1390 करोड़ से वन संवारने वाली कैंपा योजना को राज्य ने किया अनुमोदित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में पहली चीता केयर यूनिट प्रस्ताव को राज्य सरकार से हरी झंडी मिल गई है। अब केंद्र को उक्त प्रस्ताव भेजा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद इसका निर्माण गांधी सागर अभयारण्य में होगा। इसमें विदेश से लाए गए चीतों का उपचार किया जाएगा। इस यूनिट में नामी पशु विशेषज्ञों को रखा जाएगा। जिस हिसाब से चीतों की मौत् हो रही है और उनके स्वास्थ्य में बदलाव देखे जा रहे हैं, उस अनुरूप यह आधुनिक यूनिट जरूरी है।

असल में राज्य सरकार ने कैंपा की वार्षिक योजना को अनुमोदित कर दिया है। इसमें 1390 करोड़ रुपये के कामों को शामिल किया है। इसमें भी चीता केयर यूनिट भी शामिल है। इसके अलावा सतना में बायोडायवर्सिटी पार्क की स्थापना से लेकर करोड़ों रुपये के काम को शामिल किया है। मंगलवार को हुई उच्च स्तरीय समिति ने उक्त कार्य योजना को अनुमोदित भी कर दिया है। योजना में बिगड़े वनों को संवारने से लेकर उनकी आधुनिक तकनीक और उपकरणों के साथ सुरक्षा को मजबूत करना भी शामिल है।

### कैंपा में इन कामों को भी मिला अनुमोदन

- एपीवीपी योजना के तहत 182606 हेक्टे. क्षेत्र में 290 करोड़ रुपये से वनों के रख-रखाव का अनुमोदन मिला है । 199 करोड़ से 25694 हेक्टे. में बिगड़े वनों के विशेष सुधार पर काम करने को अनुमोदित किया है।
- 4906 हेक्टे. में 82 करोड़ से नवीन प्रतिपूरक क्षतिपूर्ति वनीकरण, 30880 हेक्टे. में 79 करोड़ से प्रतिपूरक वनीकरण रख-रखाव, 47871 हेक्टे. में 62 करोड़ से आवाह क्षेत्र शोधन योजना पर काम, 38 करोड़ से वन्यप्राणी प्रबंधन किया जाएगा। जंगली हाथियों के उत्पात से निपटने पर 2 करोड़, 2 करोड़ से वन्यप्राणियों के लिए आधुनिक रेस्क्यू उपकरण खरीदे जाने को अनुमोदित किया है।
- 85 लाख से वॉच टावर लगेंगे, आधुनिक उपकरण व सेफ्टी किट पर 12 करोड़, वन चौकी, वन उपज जांच नाका निर्माण पर 2.73 करोड़, स्ट्रांग रूम, कैमरे, अतिक्रमण विरोधी खंती निर्माण पर 10 करोड़, मुंडारे निर्माण पर 13 करोड़ खर्च किए जाने का अनुमोदन मिला है।
- 12 करोड़ से वायरलेस खरीदी, 19 करोड़ से वन रोपणियों में अद्योसंरचनात्मक काम, 10 करोड़ से स्मार्ट फोन खरीदी, 2.83 करोड़ से काष्ठागार उन्नयन, निगरानी के लिए 1 करोड़ के कामों का अनुमोदन मिला है।

### देर रात सीएम ने बदले सीनियर आईएएस अफसर

# अफसरों की नयी जमावट, अब दूसरी किश्त में मैदानी परिवर्तन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने डेढ महीनें के कार्यकाल में पहला बड़ा थोक परिवर्तन किया है। इसमें लंबे समय से जमे अपर मुख्य सचिव डा. राजेश राजोरा से गृह और अजीत केसरी से वित्त विभाग का दायित्व वापस ले लिया है। राजोरा को उपाध्यक्ष नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, अपर मुख्य सचिव नर्मदा घाटी विकास के साथ जल संसाधन और परिवहन विभाग का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। जबकि, केसरी को संचालक आदिम जाति अनुसंधान विकास संस्थान, अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण के साथ विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतु जनजाति विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।प्रमुख सचिव ऊर्जा तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा संजय दुबे को प्रमुख सचिव गृह और रोशन कुमार सिंह को संचालक जनसंपर्क बनाया गया है।



अधिकारियों के तबादले होंगे। दरअसल, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी मनीष रस्तोगी, मनीष सिंह, नीरज वशिष्ठ से लेकर कुछ अधिकारी पदस्थापना की प्रतीक्षा में हैं। उधर, चुनाव आयोग ने प्रदेश सरकार से 31 जनवरी तक

सूत्रों को कहना है कि आइएएस अधिकारियों के तबादले की एक और सूची जल्द आएगी। इसमें मंत्रालय के कुछ अधिकारियों के साथ कलेक्टर, कमिश्नर, अपर कलेक्टर सहित कलेक्टर डिप्टी कलेक्टर और पुलिस

ऐसे अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए कहा है, जिन्हें मैदानी पदस्थापना में 30 जून 2024 तक एक स्थान को पदस्थ रहते हुए तीन वर्ष हो गए हैं। इसका प्रतिवेदन मुख्य सचिव को 31 जनवरी तक चुनाव आयोग को भेजना है।

### 12 आइएएस अधिकारियों को बदला

सामान्य प्रशासन विभाग ने देर रात 12 आइएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव नर्मदा घाटी विकास एसएन मिश्रा को कृषि उत्पादन आयुक्त तथा अपर मुख्य सचिव जनजातीय कार्य और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी अब प्रमुख सचिव सहकारिता होंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी उनके पास रहेगा। उनके स्थान पर वाणिज्यिक कर विभाग का दायित्व अब अमित राठौर देखेंगे, जिन्हें राजस्व मंडल ग्वालियर से वापस बुलाया गया है।

### मनीष सिंह को वित्त

जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह को वित्त विभाग का दायित्व दिया गया है। वहीं, प्रबंध संचालक राज्य नागरिक आपूर्ति निगम तरुण कुमार पिथोड़े अब संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण होंगे। उनके पास राज्य भंडार गृह निगम के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। उपसचिव गुंचा सनोबर को अपर आयुक्त भू अभिलेख एवं बंदोबस्त ग्वालियर, अतिरिक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल शीला दाहिमा को उप सचिव सहकारिता विभाग और उप सचिव सहकारिता प्रताप नारायण यादव को प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम पदस्थ किया गया है।

आशुतोष पीएचक्यू लौटे भारतीय पुलिस सेवा के 2010 बैच के अधिकारी आशुतोष प्रताप सिंह की सेवाएं गृह विभाग ने जनसंपर्क विभाग से वापस ले ली हैं। वे संचालक जनसंपर्क थे। उन्हें उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया गया है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ विशेष कर्तव्यस्त अधिकारी अंशुमान सिंह के स्थान पर भी नई पदस्थापना की जाएगी।

# किसानों को झटका, इमारती लकड़ी बिकवाने पर चुकाने होंगे 300 रुपये

### अभी देने होते थे 100 रुपये प्रति घन मीटर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सरकार ने तय किया है कि किसान अपने खेतों के तैयार जो इमारती लकड़ी वन विभाग की मदद से बिकवाएंगे उन्हें 300 रुपये हेंडलिंग शुल्क चुकाना होगा। यह एक तरह से वन विभाग का कमीशन होता है जो कि पूर्व में 100 रुपये प्रति घन मीटर तय था। यह निर्णय मंत्रालय में हुई अंतर्विभागीय समिति की बैठक में वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने लिया है।



उल्लेखनीय है कि खेतों में तैयार पेड़ों को किसान जब भी काटते हैं तो पहले उसकी अनुमति वन विभाग से लेनी पड़ती है। कटाई के बाद लकड़ी वन विभाग के सुपुर्द करनी होती है, जो उसे नीलामी में शामिल करता है और जो राशि मिलती है उसे हेंडलिंग शुल्क काटकर किसानों को देता है। खेतों से काटी गई लकड़ी जब डिपों में पहुंचती है तो उसे लॉट में जमाना, उसकी नाप-जोप करके उसे नीलाम में रखना, बोली लगवाना, बिकवाना, जब तक बिक न जाए तब तक डिपो में सुरक्षा करने जैसे काम वन विभाग करता है। इसी के बदले वह किसानों से हेंडलिंग शुल्क लेता है। सूत्रों की माने तो विभाग के अधिकारियों ने इस शुल्क को करीब 1000 रुपये तक करने का प्रस्ताव रखा था क्योंकि अधिकारियों का मानना है कि लकड़ी की सुरक्षा से लेकर उसकी नीलामी तक 1000 रुपये से अधिक का खर्च बैठता है इसलिए उक्त राशि बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया था लेकिन वन मंत्री ने केवल 200 रुपये की बढ़ोतरी कर दरों को 300 रुपये करने की सहमति दी है।

अधिकारियों के मुताबिक बैठक में तेंदूपत्ता लॉट नीलामी में आई दरों को भी रखा था। प्रति मानक बोरा 6400 रुपये की दरों को मंजूरी दी गई। पिछले वर्ष की तुलना में यह दरें प्रति मानक बोरा करीब 200 रुपये कम था। उल्लेखनीय है कि वन विभाग ने 582 लॉट की ई-नीलामी के टेंडर बुलाए थे। कटाई व परिवहन का शुल्क किसान ही वहन करते हैं। वहीं उत्पादन से जुड़े डीएफओ व रेंजरों को वाहनों की कमी का विषय भी बैठक में रखा गया था। जिस पर चर्चा के बाद तय किया है कि 35 चार पहिया वाहन किराये से लिए जाएंगे।

# प्रदेश के आरएईओ पदोन्नति व समयमान वेतनमान नहीं मिलने से नाराज

**भोपाल।** प्रदेश भर के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों (आरएईओ) पदोन्नति व समयमान वेतनमान नहीं मिलने से नाराज है। इन्होंने किसान कल्याण को पुनः मांगें याद दिलाते हुए उन्हें पूरा करने के लिए पत्र लिख दिया है।

### विभाग को याद दिलाई मांगें

यह पत्र मप्र ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के अध्यक्ष मनोहर गिरी ने विभाग के अपर मुख्य सचिव के नाम लिखा है। गिरी के मुताबिक 30 से 35 वर्षों की सेवा पूर्ण करने वाले आरएईओ को पदोन्नतियां नहीं दी जा रही है। विभाग से 30 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके आरएईओ को प्रथम समयमान वेतनमान और 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों की डीपीसी करने के लिए बैठक बुलाने की मांग की है। साथ 20 वर्ष से सेवा करने वाले आरएईओ को कृषि विकास अधिकारियों के पद पर और 30 वर्ष की सेवाएं पूर्ण करने वाले आरएईओ को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों के पद पर पदोन्नति देने की मांग की है।




**भोपाल।** आज स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल रूम में 'महिला महापौर हेल्पलाइन' के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की एवं लाभार्थियों से फीडबैक लिया, साथ ही अधिकारियों को 24 घंटे मे समस्या हल करने हेतु आदेशित किया।

### समन्वय भवन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

# बाल अधिकारों पर राज्य स्तरीय कार्यशाला कल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2005, किशोर न्याय अधिनियम-2012 एवं पॉक्सो अधिनियम-2015 की जागरूकता के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी के समन्वय भवन में आयोजित इस कार्यशाला शुभारंभ 24 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 जनवरी को सुबह 11 बजे करेंगे। कार्यशाला में स्कूल शिक्षा तथा परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया और मप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोरे उपस्थित रहेंगे। इस राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्देश्य जिला स्तर पर कार्यरत प्रशासनिक, सामाजिक एवं न्यायिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इन अधिनियमों के विषय में जागरूक कर उनके मध्य आपसी समन्वय स्थापित करना है।




**मेट्रो एंकर**

### बोर्ड परीक्षाएं: परीक्षार्थियों की दो बार होगी चेकिंग, प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था

# जूते, मोजे, टोपी या जैकेट कक्ष के बाहर उतारना होगा, मोबाइल अलमारी में कराएंगे सील

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली माशिमं की दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी हो गए हैं। इस बार प्रवेश पत्र में क्यूआर कोड, उत्तरपुस्तिकाओं में बार कोड के साथ ही बोर्ड परीक्षा केंद्रों एंट्री व्यवस्था में भी बदलाव किया है। इस बार परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्र और कक्ष के बाहर दोनों जगह जांच की जाएगी। अगर परीक्षार्थी जूते, मोजे, टोपी या जैकेट पहनकर आता है तो उसे परीक्षा कक्ष के बाहर उतारना होगा। इस बार मोबाइल को परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने के लिए मनाही है। यदि केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं अन्य स्टाफ यदि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन लेकर आए हैं तो केंद्राध्यक्ष परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र के बाक्स को खोलने के पहले ही सभी के मोबाइल फोन एकत्रित कर केंद्राध्यक्ष द्वारा अलमारी में रखकर सील कराएंगे। सील अलमारी को परीक्षा समाप्त होने के आधे घंटे बाद ही खोला जाएगा। बता दें कि 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं पांच फरवरी से शुरू होंगी। दोनों कक्षाओं में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।



### छात्राओं की चेकिंग महिला शिक्षक करेंगी

बोर्ड की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक छात्राओं की तलाशी महिला शिक्षक करेंगी। केंद्र के प्रवेश द्वार पर केंद्राध्यक्षों की उपस्थिति में ही चेंकिग की जाएगी। विद्यार्थी अगर मोबाइल लाता है तो केंद्र के प्रवेश द्वार पर बनी पेटी में उसे रखना है। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल पाया गया तो जुर्माना लगाया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर एक हवादार कमरे में बिस्तर और इलेक्ट्रोल पाउडर सहित प्राथमिक उपचार के लिए उपकरण चिकित्सकों की व्यवस्था भी होगी।

## सुविचार

''जब जेब में रूपये हो तो दुनिया आपकी औकात देखती है, और जब जेब में रूपये न हो तो दुनिया अपनी औकात दिखाती है।''

– अज्ञात

## संपादकीय

# गठबंधन की गाठें

*आगामी लोकसभा चुनावों में गैर बाजपेई विपक्षी दलों की लामबंदी गौर तलब हो चली है सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके भले ही विपक्षी इंडिया गठबंधन को बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने चौंकाया हो, लेकिन इस बात के कयास पहले ही लगाए जा रहे थे। हाल के दिनों में राजग की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाए जा रहे थे। यहां तक कि पिछ्ला लोकसभा चुनाव उन्होंने जिस सपा के साथ लड़ा था, उसके मुखिया को उन्होंने रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछ्ले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं होते। बहरहाल, मायावती के एकला चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। खासकर दिल्ली की कुर्सी का रास्ता दिखाने वाले उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने के लिये, जहां वंचित समाज में पार्टी की मजबूत पकड़ रही है। जहां तक मायावती के वोट ट्रांसफर न होने वाले आरोप का सवाल है तो अन्य विपक्षी दल इस आरोप से सहमत नहीं हैं। बहुजन समाज पार्टी ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आईं। बहरहाल, हम राजनीतिक पंडित मानकर चल रहे हैं कि बसपा का अलग चुनाव लड़ने का निर्णय भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला है। यह भी राजग की लिखी पटकथा का ही हिस्सा है। यहां तक कि सपा बसपा को भाजपा की बी टीम तक कहा करती थी। विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को सरकारी एजेंसियों के रडार में लाकर दुस्वप्न चित्रित किया जाता रहा है। यह भी तय है कि तमाम राजनीतिक दलों का अर्थशास्त्र पाक-साफ तो नहीं ही रहता है। जिसके चलते वे ईडी व अन्य वित्तीय एजेंसियों की संभावित कार्रवाई की आशंका में दबाब में आ जाती हैं। विपक्षी दल बसपा के राजग को परोक्ष रूप से लाभ पहुंचाने की रणनीति को इसी दृष्टि से देखते हैं। यही वजह है कि बसपा ने भी उन तीखे-तल्ख नारों से परहेज किया है जो अकसर वह सवर्णों को लेकर उछालती रही है। अब मनुवाद के नाम पर निशाने पर लेने का क्रम भी टूटा हुआ नजर आता है। कभी बसपा संस्थापक कांशीराम द्वारा बामसेफ व डीएस-4 जैसे संगठनों की स्थापना के बाद इसका राजनीतिक स्वरूप तय करने पर पार्टी के तेवरों में जो आक्रामकता होती थी, वह अब नदारद है। दरअसल, दलित-मुस्लिम गठजोड़ की वैचारिकी पर आधारित यह राजनीतिक दल कालांतर मुस्लिमों का भरोसा भी कायम न रख सका। एक समय पार्टी का उरोज इस कदर था कि 1987 के हरिद्वार लोकसभा उपचुनाव में दिग्गज दलित नेता राम विलास पासवान तक की जमानत जब्त हो गई थी। ये बसपा-सपा गठबंधन की ताकत थी कि 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराये जाने के बाद चली राम लहर में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती का जनाधार अब इतना नहीं रह गया कि पार्टी किंग मेकर की भूमिका निभा सके। उसके परंपरागत जनाधार पर मोदी कैमिस्ट्री ने सेंध लगा दी है।*

## आज का इतिहास

- **1857**– भारत के कोलकाता शहर में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता की स्थापना की गई।
- **1859**– 230 मीटर गहराई तक तेल के लिए खोदे गये कुएं से पहली बार तेल निकला।
- **1862**– बुखारेस्ट को रोमानिया की राजधानी बनाया गया।
- **1877**– महान स्वतंत्रता प्रेमी व क्रांतिकारी पुलिन बिहारी दास का जन्म हुआ।
- **1924**– रूस में पेट्रोग्राद का नाम बदलकर लेनिनग्राद कर दिया गया।
- **1924**– स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का जन्म हुआ।
- **1936**– अलबर्ट सैरुएट फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
- **1943**– हिन्दी फिल्मों के एक निर्माता-निर्देशक सुभाष घई का जन्म हुआ।
- **1950**–संविधान सभा ने राजेंद्र प्रसाद को देश का पहला राष्ट्रपति चुना।
- **1950**– जन-गण-मन को भारत के राष्ट्रगान का दर्जा मिला।
- **1951**– प्रेम माथुर भारत की पहली महिला कमर्शियल पायलट बनीं।
- **1952**– बंबई में पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन।
- **1965** -ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का निधन।
- **1966**– इंदिरा गांधी पहली बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठी थी इसलिए इस दिन को ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' के रूप में मनाया जाता है।
- **1966**– प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक तथा देश के परमाणु कार्यक्रम के जनक होमी जहांगीर भाभा का निधन ।
- **1979**– अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- **1990**– जापान ने पहला लूनर प्रोब लॉन्च किया।
- **2000**– राष्ट्रपति ने चुनावों में दलितों का आरक्षण 10 वर्ष तक बढ़ाने हेतु संविधान के 79वें संशोधन को मंजूरी दी।
- **2002**– भारतीय उपग्रह इनसेट-3सी सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में स्थापित किया गया।
- **2003**– फ्रांस और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि हुई ।
- **2011**– भारत रत्न से सम्मानित भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित भीमसेन जोशी जी का निधन।

# यात्राएं, आन्दोलन और प्रजातंत्र की आत्मा

**राम पुनियानी**

आज अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. इसके लिए जिस स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई इसमें भागीदारी के लिए जिस बड़ी संख्या में लोगों को लामबंद किया गया, उसके चलते आज भारत के धर्मनिरपेक्ष और प्रजातांत्रिक मूल्यों पर आत्मचिंतन जरूरी हो गया है.

स्वतंत्रता के तुरंत बाद यह मांग उठी कि गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर, जिसमें 11वीं सदी में महमूद गजनी ने तोड़फोड़ की थी, का पुनर्निर्माण सरकार द्वारा करवाया जाए. जवाहरलाल नेहरू लिखते हैं कि वे और सरदार पटेल महात्मा गांधी से मिले और 'इस विषय पर चर्चा की मगर गांधीजी का मत था कि सरकार को मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए धन उपलब्ध नहीं करवाना चाहिए और ना ही इस पर होने वाले खर्च में कोई हिस्सेदारी करनी चाहिए'. इसी तर्ज पर नेहरू, जो उस समय देश के प्रधानमंत्री थे, ने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सलाह दी कि वे भारत के राष्ट्रपति की हैसियत से पुनर्निर्मित मंदिर का उद्घाटन न करें. और फिर नेहरू ने बांधों, सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों, स्वास्थ्य से जुड़ी संस्थाओं और शैक्षणिक व शोध संस्थानों को आधुनिक भारत के मंदिर निरूपित किया.



'एक व्यक्ति एक वोट' के सिद्धांत ने भी देश में प्रजातंत्र को मजबूती दी. श्रमिकों, किसानों और समाज के अन्य तबकों के सामाजिक आंदोलनों से भी भारतीय प्रजातंत्र मजबूत हुआ. आपातकाल के कुछ सालों को यदि हम छोड़ दें तो हम पाएंगे कि स्वतंत्रता के बाद से भारत में प्रजातंत्र और मजबूत, और गहरा होता गया. यह सिलसिला राममंदिर आंदोलन शुरू होने तक चला. यह आंदोलन स्वाधीनता संग्राम से उपजे 'भारत के विचार' के खिलाफ था. बाबरी मस्जिद में योजनाबद्ध तरीके से रामलला की मूर्तियां रख दी गईं और फैजाबाद के तत्कालीन कलेक्टर के. के. नैयर ने उन्हें हटवाने से इंकार कर दिया. इससे ही उस मुद्दे की नींव पड़ी जो आगे चलकर भारतीय संविधान के मूल्यों के लिए एक बड़ा खतरा बनने वाला था.

छह दिसंबर 1992 को षड़यंत्रपूर्वक बाबरी मस्जिद को ढहा दिया गया और इससे उस भव्य मंदिर के निर्माण की राह प्रशस्त हुई जिसका आज उद्घाटन हुआ. जो राजनैतिक दल इस समय भारत की केन्द्र सरकार पर काबिज है वह न केवल भावनात्मक मुद्दों को अपनी राजनीति के केन्द्र में रखता आया है वरन् उसने भारत में प्रजातंत्र को सीमित और कमजोर भी किया है. लालकृष्ण आडवाणी, जिन्होंने राममंदिर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, वे भी यह कहने पर मजबूर हो गए कि भारत में वर्तमान में अघोषित आपातकाल लागू है. कुल मिलाकर भावनात्मक मुद्दों की रेलमपेल में प्रजातांत्रिक महत्वाकांक्षाओं और बेहतर जीवन स्तर हासिल करने की तमन्नाओं का गला घोंट दिया है. सरकार इन मुद्दों पर ध्यान देने को तैयार नहीं है और बढ़ती कीमतों और जीवनयापन में कठिनाईयों के चलते आम लोगों का जीना दूभर हो गया है.

एक अच्छे कल के सपने हवा हो गए हैं. भगतसिंह, सुभाषचन्द्र बोस, महात्मा गांधी और भारत की आजादी के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले असंख्य नेताओं ने जिस भारत के निर्माण का स्वप्न देखा था, वह भारत कहीं नज़र नहीं आ रहा है.इसके साथ ही यह भी सच है कि पिछले कुछ सालों में हमने भारतीय प्रजातंत्र की ताकत के कुछ उदाहरण भी देखे. कृषि क्षेत्र में दमनकारी कानून लागू करने के खिलाफ बड़ी संख्या में किसान दिल्ली पहुंचे. महीनों तक चले उनके संघर्ष में 600 किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी. उन्होंने यह साबित किया कि प्रजातांत्रिक आंदोलनों से सरकार को झुकाया जा सकता है. सरकार को कृषि कानून वापस लेने पड़े. उसके बाद सरकार ने एक और कपटपूर्ण चाल चली. मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने के लिए नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) बनाया गया एवं राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) पर काम शुरू किया गया. इसकी प्रतिक्रियास्वरूप शाहीनबाग आंदोलन शुरू हुआ जिसने एक बार फिर यह साबित किया कि प्रजातांत्रिक आंदोलनों के जरिए देश का भविष्य गढ़ा जा सकता है

लगभग एक साल पहले निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा ने भी देश के लोगों के दुखों और परेशानियों को सामने लाने का काम किया. इस यात्रा से यह संदेश भी गया कि विभिन्न धर्मों को मानने वाले और विभिन्न जातियों में बंटे भारतीय मूलतः एक हैं. इस यात्रा से वातावरण में घुला अवसाद और निराशा का भाव कम हुआ, लोगों में आशा का संचार हुआ और देश का ध्यान असली मुद्दों पर गया उन मुद्दों पर जिनका संबंध भूख से, सिर पर छत से और रोजगार से था. इस यात्रा पर जिस तरह की जनप्रतिक्रिया देखने को मिली उससे ऐसा लगा मानो लोग इस तरह के किसी आयोजन की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे थे. ऐसा लगा मानो वे प्रजातांत्रिक ढंग से अपने दुःखों और वंचनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए मौके की तलाश में थे. इस यात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर एक नया संवाद शुरू किया और ऐसी उम्मीद बंधी की हम एक समावेशी समाज का निर्माण कर पाएंगे और अपने लोगों की दुनियावी आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे. इन सब चीजों से फर्क तो पड़ा परंतु साम्प्रदायिक ताकतों की मशीनरी इतनी कार्यकुशल, इतनी विशाल और इतनी शक्तिशाली है कि उसने जल्द ही एक बार फिर ऐसे मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श के केन्द्र में ला दिया जो देश को बांटने वाले थे और जिनका लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं से कोई लेनादेना नहीं था. राममंदिर के उद्घाटन को बहुत बड़ी घटना बताया जा रहा है. संघ के सभी अनुषांगिक संगठन इस आयोजन के लिए लोगों को गोलबंद करने में दिन-रात जुटे हुए हैं. लोगों को अक्षत बांटकर अयोध्या आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है. अयोध्या जाने के लिए विशेष ट्रेनें और बसें चलाई जानी हैं. देश का पूरा ध्यान राम मंदिर के उद्घाटन पर केंद्रित हो गया है.

पूरा देश आज के दिन का इंतजार कर रहा था, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की. इस सबके बीच एक दूसरा आयोजन भी चल रहा है. 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हुई है जो 20 मार्च को मुंबई पहुंचेगी. यह यात्रा हाईब्रिड है, अर्थात कुछ दूरी बस से तय की जाएगी और कुछ पैदल. यह यात्रा मणिपुर से शुरू हुई है, जहां पिछले सात महीने से नस्लीय हिंसा जारी है मगर सरकार उस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है. मणिपुर में यात्रा की शुरूआत में उसे लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया हासिल हुई. इस यात्रा का फोकस न्याय पर है. हम आज अपने चारों ओर अन्याय देख रहे हैं. यात्रा का फोकस बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, बढ़ती गरीबी और आदिवासियों के हकों और महिलाओं की गरिमा पर बढ़ते हमलों पर है. प्रजातांत्रिक ढंग से आम लोगों की समस्याओं को देश के सामने लाने का शायद यह एक बेहतर तरीका है. मीडिया का एक बड़ा हिस्सा केवल और केवल राम मंदिर के उद्घाटन की चर्चा कर रहा है. ऐसे में इस यात्रा के संदेश को चारों ओर फैलाना जरूरी है. राममंदिर भाजपा-आरएसएस का एजेंडा है और यह साम्प्रदायिक और निरंकुश राजनीति को बढ़ावा देगा. भारत जोड़ो न्याय यात्रा के केन्द्र में संवैधानिक नैतिकता से जुड़े मुद्दे हैं. इस यात्रा को किसी एक पार्टी से नहीं जोड़ा जाना चाहिए. यह समाज के विभिन्न तबकों की आवश्यकताओं और अधिकारों की अभिव्यक्ति है. यह उन लोगों का असली चेहरा दिखाने का प्रयास है जो समाज को साम्प्रदायिक आधार पर ध्रुवीकृत कर देना चाहते हैं और जो समावेशी भारत के स्थान पर हिंदू राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं. भारत में अतीत से ही यात्राएं समावेशी मूल्यों को संरक्षण और अपने संदेश के व्यापक प्रसार का माध्यम रही हैं. आज, जब वैचारिक प्रचार-प्रसार और राजनैतिक मूल्यों से संबंधित पूरे तंत्र पर एक पश्यगामी राजनैतिक गठबंधन का नियंत्रण है तब न्याय के लिए यात्रा ताजा हवा के एक झोंके जैसी है. ऐसा लगता है कि कोई एक बार फिर भारतीय राष्ट्रवाद की लौ प्रज्जवलित करना चाहता है.

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया; लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं यह उनके विचार हैं)**

# ईजराइल के लिए मजदूरों की भर्ती और गिरमिट युग के खतरे

**हजारों मजदूरों को युद्ध से घिरे संकटग्रस्त इजराइल में किसी सुरक्षा और मानवीय श्रम कल्याण कानूनों के पालन के बिना निर्माण श्रमिकों को भेजने के लिए भर्ती अभियान चला रहे हैं।**

**भूपेन्द्र गुप्ता**

गरीबी और बेरोजगारी कितनी भयावह होती है और कितने संत्रास में धकेल देती है,गिरमिट प्रथा इसका ऐतिहासिक प्रमाण है।जिसे अंग्रेज मालिकों ने 1834 में शुरू किया था।

छलांग लगाती अर्थव्यवस्था की डींगे मारते हुए एक तरफ हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहे हैं और दूसरी तरफ हजारों मजदूरों को युद्ध से घिरे संकटग्रस्त इजराइल में किसी सुरक्षा और मानवीय श्रम कल्याण कानूनों के पालन के बिना निर्माण श्रमिकों को भेजने के लिए भर्ती अभियान चला रहे हैं। यह देश में फैली भीषण बेरोजगारी पर देश की वस्तुस्थिति.है।

अभी उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार ने निर्माण मजदूरों के इजराइल में भर्ती किए जाने के विज्ञापन निकाले हैं जिनमें अत्यंत आकर्षक वेतन लगभग एक लाख तीस हजार रुपए प्रतिमाह का जिक्र किया गया है ।राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा जारी प्रपत्रों में इसे 'विदेश में सपनों का पासपोर्ट' बताया गया है। हरियाणा के रोहतक में हजारों की संख्या में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि राज्यों से मजदूर पहुंच रहे हैं ,जहां इजराईली नियोक्ता उन्हें इंटरव्यू करने आ रहे हैं।। हालांकि वे नहीं जानते कि इस तरह की भर्ती में वे केंद्र सरकार के 'ई-माईग्रेट'की सुरक्षा से वंचित भी किये गये.हैं।ई -माईग्रेट पर पंजीकृत श्रमिकों को सरकार कानूनी सुरक्षा प्रदान करती है।संकटग्रस्त क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों की इस आकर्षक तनख्वाह में से इजरायली नियोक्ता रहने खाने और बीमा के पैसे काट लेगा ।यह इजराईली मुद्रा में कितना होगा कोई नहीं जानता। मजदूर को आने जाने टिकिट के खर्च भी स्वयं ही वहन करने पड़ेंगे जबकि उसे राष्ट्रीय कौशल विकास निगम को भी भर्ती सेवा शुल्क के रूप में 10 हजार का भुगतान भी करना पड़ेगा।

देश में बेरोजगारी के भयानक संकट के बीच यह इस तरह की भर्ती है ,जिसमें सरकार कोई जिम्मेदारी उठाने के लिये तो तैयार नहीं है,फिर भी फेसिलिटेशन फीस बसूल रही है। इसे सपनों को सजीव करने का अवसर बता रही है।

बिना किसी कानूनी सहायता के इस तरह मजदूरों को संकट ग्रस्त क्षेत्रों में भेजना कहीं गिरमिटिया युग की शुरूआत तो नही कर देगा।जैसा अंग्रेजों ने 1834 में शुरू किया था जब भारतीय मजदूरों को आफ्रीकी देशों जैसे फीजी,ब्रिटिश गुयाना,डच गुयाना,सूरीनाम,ट्रिनिडाड,टोबेगा,नेटाल में गन्ने की खेती और शक्कर मिलों में काम करने के लिये ले जाया जाता.था।एक कागजी एग्रीमेंट के माध्यम से मजदूरों को ले जाने के इस एग्रीमेंट को गिरमिट और मजदूर को गिरमिटिया कहा जाने लगा और उन्हें गुलाम बना लिया गया था।

इतिहास में दर्ज है कि गिरिमिटियायों की भर्ती में सामान्यतः 40 फीसदी महिलायें भी जातीं थीं ।काफी महिलायें मालिकों के शोषण का शिकार होतीं थी।गिरमिटिया स्त्री या पुरुष शादी नहीं कर सकता था और अगर कर ले तो



उनकीं संताने भी मालिक की संपत्ति मानी जातीं थीं।वे एक नारकीय जीवन जीने पर मजबूर थे।12 से 18 घंटे काम करने वाले ये श्रमिक गिरमिट समाप्त हो.जाने पर वापिस भी नहीं.लौट पाते थे क्योंकि उनके पास वापिस आने के पेसे भी नहीं होते थे।इस अवस्था में या तो वे किसी दूसरे मालिक के गुलाम हो जाते थे या मालिकों द्वारा बेच दिये जाते थे।कितने गिरमिटिये समुद्री यात्रा में ही समुद्री बीमारियों से मर जाते थे।लेकिन कोई कानून इस दमन से सुरक्षा नहीं देता था।उनकी अकाल मौतें उनके परिवारों को निरंतर गुलामी के लिये विवश कर देती थी।

विदेशी धरती पर इस शोषण और दमन से गांधी जी ने संघर्ष किया और गोपालकृष्ण गोखले से मिलकर 1912 में इंपीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल में इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।तोताराम सनाड्य जैसे गिरमिटियों की पीड़ा और संघर्ष से विचलित गांधी जी ने भारत आकर दिसंबर 1916 में भारत सुरक्षा और गिरमिटिया अधिनियम कांग्रेस के अधिवेशन में रखा।जगह जगह प्रदर्शन हुए।व्यापक विरोध को देखते हुएअंग्रेजों को झुकना पड़ा और 12 मार्च 1917 में ब्रिटिश सरकार ने गिरमिट पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। यह भारतीय बेरोजगार श्रमिकों के न्याय की पहली लड़ाई थी।

इजरायल भेजे जाने वाले इन मजदूरों की भर्ती को भी इस ऐतिहासिक पीड़ा के संदर्भ में समझा जाना चाहिए। कानूनी सुरक्षा और मानवीय सुविधाओं के अभाव में मानव बल का भेजा जाना उन्हें खतरे में डालने वाला है।बीमारी की अवस्था में चिकित्सा खर्च भी अगर उनके खाते आता है तो मजदूर अंततः गुलाम ही बनेगा।

सरकार को चाहिये कि इन मजदूरों को सुरक्षा और वेतन की गारंटी इजरायल सरकार से प्राप्त करे अन्यथा यह एक तरह की कबूतर बाजी ही होगी जो सरकार की जानकारी में तो होगी लेकिन 'ई-माईग्रेट 'के सुरक्षा कवच के बिना होगी।

हमें सतर्क रहना चाहिये कि हमारी बेरोजगारी की विवशता का अन्य देश बेजा लाभ न उठा सके और यह भर्ती कहीं ' गिरमिटिया पार्ट-2' न बन जाये।

***(लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं, यह उनके विचार है)***




# दीपों से आलोकित हुआ नर्मदापुरम, घर-घर जलाए दीप, हजारों दीपों से जगमगाया सेठानी घाट

## सुप्रसिद्ध गायिका इशिता विश्वकर्मा ने दी सुमधुर राम भजनों की प्रस्तुतियां

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान रामलला विराजे। इस रामोत्सव को संपूर्ण जिले में दीपावली की तरह मनाया गया। लोगों द्वारा अपने अपने घरों दीप जलाएं गए। घर-घर दीपों से नर्मदापुरम जिला आलोकित हुआ। जिले का पावन सेठानी घाट भी हजारों दीपकों से जगमगाया। जगह जगह आतिशबाजी की गई। सेठानी घाट पर भगवान रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध गायिका इशिता विश्वकर्मा द्वारा एक से बढ़कर एक रामभजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। समारोह में कारसेवकों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा, पीयूष शर्मा तथा कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह , जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत सहित अन्य अधिकारी ,जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### लाइव प्रसारण के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए जिले के नागरिक

# रामलला के दर्शन कर अलौकिक आनंद में डूबे नर्मदापुरमवासी



## रामकीर्तन की धुन से गुंजायमान हुआ नर्मदांचल

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



22 जनवरी का सूरज नई आभा लेकर आया। अयोध्या में बने भव्य मंदिर में भगवान रामलला विराजमान हुए। इस रामोत्सव में पूरे देश के साथ नर्मदापुरम जिला भी राममय हो गया। सुबह से ही नर्मदांचल की गली गली में रामकीर्तन की धुन और जय सियाराम के जयकारे सुनाएं दे रहे थे। चौक चौराहे आकर्षक लाइटिंग के साथ केसरिया ध्वज से पटे नजर आए। जिले के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। जिससे उनकी दिव्यता और बड़ी दिखाई दे रही थी। जिले भर में कलश यात्राएं निकाली गई। मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से अखंड रामायण ,सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ के साथ भोजन प्रसादी का भी वितरण किया गया। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के दिशा निर्देशन में सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रही।

अयोध्या में आयोजित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के माध्यम से जिले भर में नागरिकों ने दर्शन किया। जैसे ही भगवान श्रीराम के दर्शन हुए वैसे ही जय श्रीराम के जयकारे से नर्मदांचल गुंजायमान हो उठा। भगवान श्रीराम के दर्शन कर नागरिक भावविभोर होने के साथ अलौकिक आनंद में डूबे नजर आएं। जिले के पावन सेठानी घाट, सतरस्ता चौक काली मंदिर, ग्वालटोली स्थित काली मंदिर सहित के जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को जिले में दीपोत्सव के रूप में मनाया गया। घर घर दीपक जलाएं गए।भगवान राम की आकृति की रांगोली उकेरी गई। घरों में अनेक प्रकार के पकवान बनाएं गए।

अयोध्या में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा विधि पूर्वक सम्पन्न कराने के साथ ही गांव-गांव तथा नगरों में टेलीवजीन सैट तथा एलईडी में देख रहे बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा जय श्री राम को उदघोष से पूरा वातावरण राम मय हो गया। सभी एलईडी पर अपलक श्री रामलला की प्रतिमा को निहारते दिखे। अनेक लोग हाथ में जय श्री राम की झण्डी लगातार लहराते दिखे। कार्यक्रम स्थल पर प्रसादी वितरण किया गया। एक दूसरे का जय श्री राम के साथ अभिवादन किया और शुभकामनाएं दी। उपस्थितों में बच्चे, बूढ़े, महिला, पुरूष सभी शामिल थे।

### गांवों तथा नगरों में निकाली शोभा यात्रा...

श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एक सप्ताह पूर्व से ही अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियॉ जिले में आयोजित की जा रही थी। नागरिक इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में पूरे उत्साह के साथ शामिल हो रहे थे। आज भी जिले के अनेक गावों एवं नगरों में शोभा यात्रा और कलश यात्राएं निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान श्री राम के जयकारे की गूंज और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय और राममय हो गया था। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ी संख्या में घरों के सामने आंगन में तथा चौक-चौराहों पर रंगाली बनाई गई। महिलाएं रंगोली उसी तन्मयता के साथ बना रही थी जैसी दीपावली के अवसर पर बनाती हैं। अनेक बालिकाओं ने रंगोली में श्री राम और सीता की आकृति बनाई तो किसी ने जय श्री राम रगोंली से अंकित किया। सभी जगह उल्लास का वातावरण था।

### जगह-जगह भंडारे और प्रसादी

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगह जगह भंडारे एवं प्रसादी वितरण के कार्यक्रम आयेजित किए गए। बड़ी संख्या में लोग भक्तिभाव से भोजन और प्रसादी ग्रहण करते दिखे। भंण्डारे का लिससिला देर तक चलता रहा। घरों, मंदिरों और चौक चौराहों पर टीवी- एलईडी के माध्यम से श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देख रहे लोगों ने कहा कि इस पल के साक्षी बनने पर खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं। श्री राम लला के दर्शन करने अयोध्या जरूर जाएंगे। सिद्ध हनुमान मंदिर नमक चौराह पर प्रसारण देखने आए रोहित दुबे, हिमांशु श्रोती, गौरव वर्मा, सुनील संतोरे , ने कहा कि हमारे लिए यह बड़े सौभाग्य का क्षण है कि हम राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होते देखा है।

# शातिर मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार 2 लाख रूपए की 4 मोटरसाइकिल जप्त

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**




इटारसी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरो की सक्रियता से पुलिस भी एक्शन मोड में थी और लगातार बाइक चोरों पर अपनी नजर राखी हुई थी। पुलिस अधीक्षक डा0 गुरकरण सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आषुतोष मिश्र अनुविभागीय अधिकारी पुलिस इटारसी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी इटारसी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला के कुशल नेतृत्व मे शातिर मोटरसायकिल चोर को गिरफ्तार कर थाना क्षेत्र इटारसी से चोरी गई 4 मोटरसायकल जप्त करने में सफलता मिली है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र इटारसी से पिछले कुछ दिनो से लगातार मोटरसायकल चोरी हो रही थी, जिस पर अंकुश लगाने, अज्ञात चोर को पकड़ने एवं चोरी गई मोटरसायकिल को बरामद करने हेतु थाना प्रभारी इटारसी द्वारा एक टीम घटित की गई थी, जिस टीम के द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये सीसीटीव्ही फुटेज एवं मुखबिरो से प्राप्त जानकारी के आधार पर संदेही श्यामबाबू पिता निहालसिह ठाकुर निवासी उम्र 33 वर्ष निवासी महुआखेड़ा बैरसिया थाना के पीछे बैरसिया भोपाल को इटारसी रेल्वे स्टेशन के पास से संदिग्ध अवस्था मे घुमते हुये पाये जाने पर अभिरक्षा मे लेकर सघन पूछताछ की गई, जिसने थाना इटारसी क्षेत्र से पिछले कुछ दिनो मे 4 मोटरसायकिल चोरी करना स्वीकार किया । आरोपी से 4 मोटरसायकिल कीमती करीबन 2 लाख रूपये की अलग अलग स्थानो से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस पूरी घटनाक्रम में निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला, सउनि0 संजय रघुवंशी, सउनि शिवप्रसाद तिवारी, सउनि अनिल ठाकुर, सउनि रमाकांत यादव, आर. जोशवा मसीह, आर. राहुल उघड़े की उल्लेखनीय भुमिका रही ।

# अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नर्मदापुरम में कार सेवक परसाई का किया सम्मान

**नर्मदापुरम।** भगवान श्री रामलला के अयोध्या धाम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा दिवस की खुशी में रेलवे स्टेशन के निकट श्री राम भक्त हनुमान के मंदिर में चोला चढाया गया। मंगलमूरती से सभी के मंगल की कामना की गई।



नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया वर्ष 1992 में मजदूर संघ के पदाधिकारी तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय रामयश द्विवेदी, उपाध्यक्ष मनोहर सराठे, मंत्री योगेश परसाई ने भगवान श्रीराम मंदिर के उपलक्ष्य में कारसेवक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है. इनके राममय योगदान के कारण मजदूर संघ को गौरवान्वित किया है। अपने ही देश में ओछी व बैंक वोट की राजनीति के कारण जो बांटने तोड़ने की नीति राजनैतिक दल अपनाते है, विवाद स्थापित किया जाता है वह सर्व विदित है. न जाने कितने रामभक्तों ने अपने जीवन बलिदान कर दिये तब कही पांच सौ वर्ष के इंतज़ार के बाद अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा दिवस देखने का सौभाग्य देश को मिला है जिससे जीवन धन्य व सफल हो गया। महेश वर्मा ने बताया कि अयोध्या धाम में जो विश्व विख्यात श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई हैं उसमें मजदूर संघ के पदाधिकारियों का भी योगदान है. तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय रामयश द्विवेदी आज हमारे बीच नहीं हैं.उपाध्यक्ष मनोहर सराठे शहर से बाहर हैं.हमारे बीच उपस्थित कार सेवक मजदूर संघ में मंत्री योगेश परसाई का कार्यालय मजदूर संघ में स्वागत कर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर ओपी रावत, सुखदेव भार्गव, ब्रजेश सारवान, गौविंद चौहान, विजय श्रीवास, दिलावर बेग इत्यादि सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मंदिरों में हुई महाआरती, भंडारा-आतिशबाजी कर मनाई दीपावली

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**





22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्माण श्री राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को पूरे देश में धूमधाम से मनाया यहां पर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि 22 जनवरी को पूरा देश दूसरी दीपावली के रूप में भी मनाया गया। घरों घर साफ सफाई और हर घर पर भगवा झंडा से सिवनी मालवा शहर ही नहीं गांव-गांव में भगवा की लहर देखी गई, वहीं मंदिरों में साज सज्जा कर महा आरती अभिषेक और भंडारों का आयोजन भी सभी दूर चलता रहा। सिवनी मालवा के करोड़ों रुपए की आय वाले मंदिरों में भी देर रात तक कार्यक्रम चलते रहे वही सिवनी मालवा के पुरातत्व विभाग की छतरी मंदिर पर भी भगवान श्री राम का अभिषेक कर महा आरती के साथ भंडारे का कार्यक्रम देर रात तक आयोजित हुआ। वही छतरी मंदिर की सेवा समिति द्वारा रात में 501 दीपक से मंदिर को रोशन किया गया। रात का नजारा,दीपक की रोशनी,और आतिशबाजियों की आवाज से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अब साल में दो बार दीपावली उत्सव रहेगा। इधर नगर में हनुमान मंदिर से विशाल जुलूस का आयोजन किया गया जो जयस्तंभ चौक पर सामूहिक सुंदरकांड के साथ और महा आरती के साथ समापन हुआ जिसमें नगर की धर्म प्रेमी जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### वही दूसरी और शिवपुर मे अयोध्या में नव निर्मित भगवान श्रीराम के मंदिर की

छवि ( माडल ) का रूप अग्रवाल समाज की बालिकाओं द्वारा बनाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। माडल को शिवपुर के युवाओं एवम वरिष्ठ समाज सेवियों की 4 दिन की अथक मेहनत से निर्मित किया गया जो आज जनता के दर्शन के लिए अग्रसेन चौक बाजार क्षेत्र में रखा गया। जिसकी सभी लोग मुक्त कंठ से सराहना की प्राण प्रतिष्ठा दिवस ठीक 12 बजे आराध्य देव प्रभु श्रीराम जी हनुमानजी नर्मदाजी की आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम को पुन: पूजन कर मातृ शक्ति द्वारा भजन कीर्तन किए गए तत्पश्चात स्वलपाहर करवा कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम को प्रत्येक घरों के समक्ष दीपक प्रज्वलित कर श्रीराम जी के जयकारों के साथ आतिशबाजी गई।

# मृतक व्यक्ति के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नर्मदापुरम।** जिले के ग्राम रायपुर में शोभायात्रा के दौरान चार लोगो को करेंट लगने की दुर्घटना हुई हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम श्री आशीष पांडे ने बताया की दुर्घटना में घायल 4 लोगों में से एक ही मृत्यु हुई है। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को नर्मदापुरम नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक व्यक्ति सामान्य स्थिति में हैं। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार मृतक सोहन पिता पदम सिंह ठाकुर उम्र 27 वर्ष ( मृत्यु ) के परिजनों को तत्काल 5000 हजार रुपए के आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। साथ ही मृतक के परिजनों को संबल योजना के तहत 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि भी स्वीकृत की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप कहार पिता छोटू कहार उम्र 12 वर्ष की स्थिति सामान्य है। राज पिता कमल बसोड उम्र 13 वर्ष और गोविंद पिता रज्जू कहार उम्र लगभग 16 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुए।

**मेट्रो एंकर**

### ग्राम पंचायत माखनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर सम्पन्न

# विधायक डॉ चौधरी ने विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को प्रदान किए




**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत माखनी में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। विधायक डॉ चौधरी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अनेकों योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। ग्रामीणजन शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और आवेदन भी करें। जिससे कि पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिया जा सके। विधायक डॉ चौधरी ने शिविर में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को प्रदान किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# कड़ाके की ठंड ने किसानों की बढ़ाई चिंता, पाला पड़ने से फसल होगी बर्बाद



**सिरोंज।** वैसे मकर संक्रांति के बाद सर्दी का कर काम हो जाता है। इस बार कड़ाके की सर्दी का दौर दोबारा से प्रारंभ हो गया है । जो काम होने का नाम नहीं ले रहा है । सोमवार की सुबह तो घने कोहरे के साथ हुई थी इसका असर इतना ज्यादा था कि आसपास का भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था कप-कप देने वाली ठंड ने लोगों घरों में ही कैद रहने के लिए मजबूर कर दिया सर्दी अधिक होने की वजह से घरों से निकलने हिम्मत नहीं हो रही थी इस वजह से सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ था रविवार की छुट्टी होने की बजे से लोगों ने घरों से निकलना है उचित नहीं समझा। सर्दी अधिक पढ़ने के कारण किसानों को फसलों में नुकसान होने का डर भी सता रहा सबसे ज्यादा नुकसान दहलनी फसलों में पाला पड़ने के कारण होने की संभावना रहती है? साथ सब्जियों में भी सर्दी के कारण नुकसान होने का डर सब्जी विक्रेताओं को भी सता रहा है। दूसरी ओर सर्दी के सितम ने बुजुर्गों को भी परेशानी बड़ा रखी है ।बढ़ाने इसके अलावा बेसहारा और गरीब वर्ग के लोगों को भी ठंड के कारण मुश्किल का सामना करना पड़ रहा हैं एंव जानवरों की भी हालत खराब हो रही है। मौसम विभाग के द्वारा अभी भी इसी तरह की सर्दी पड़ने की संभावना जताई है।

## उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों के पुरस्कारों के लिये आवेदन 12 फरवरी तक आमंत्रित

**सीहोर ।** उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर 6 राष्ट्रीय एवं 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने के लिये 01 जनवरी, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 12 फरवरी, 2024 तक आमंत्रित हैं। अखिल भारतीय पुरस्कार की श्रेणी में मीर तकी मीर पुरस्कार (उर्दू शायरी), हकीम कुमरूल हसन पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता, शोघ एवं आलोचना), हामिद सईद खाँ पुरस्कार (कहानी, लघु कथा), शादाँ इन्दौरी पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), जौहर कुरैशी पुरस्कार (हास्य व्यंग्य), इब्राहीम यूसुफ पुरस्कार (नाटक, दास्तान) के लिये 51 हजार रूपये का पुरस्कार निर्धारित है। प्रादेशिक पुरस्कार 31 हजार रूपये की श्रेणी मेंसिराज मीर खाँ सहर पुरस्कार (उर्दू शायरी), बासित भोपाली पुरस्कार (कहानी लघु कथा), मोहम्मद अली ताज पुरस्कार (रेखाचित्र, रिपोर्ताज़), नवाब सिद्दीक हसन खाँ पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता (उर्दू पत्रिका) शोध व आलोचना), शैरी भोपाली पुरस्कार (बाल साहित्य), कैफ भोपाली पुरस्कार (उर्दू शिक्षक), शम्भू दयाल सुखन पुरस्कार (अ-उर्दू भाषी लेखकों/शायरों की उर्दू कृति), शिफा ग्वालियरी पुरस्कार (प्रदेश के लेखक / शायर की पहली कृति), जाँ निसार अख़्तर पुरस्कार रसाई साहित्य (रसाई, नात, उर्दू साहित्य / शायरी की एक विद्या), पन्नालाल श्रीवास्तव नूर पुरस्कार (आत्मकथा, संस्मरण), सूरज कला सहाय पुरस्कार (यात्रा ऋतांत), नवाब शाहजहाँ बेगम ताजवर पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), निदा फ़ाज़ली पुरस्कार (उर्दू नज़्म, दोहा, रुबाई) इसमें 31 हजार का पुरस्कार दिया जायेगा।

### अयोध्या में विराजे राम ,जनवरी में मनी दिवाली जमकर हुई आतिशबाजी

# 150 से अधिक मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम विधायक ने किया गोमाता का पूजन

## मंदिरों में पहुंच कर किए दर्शन , नगर पालिका ने कराया दीपदान



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष उमंग का उत्स देखने देखते ही बन रहा था चारों तरफ दीपोत्सव की धूम मची हुई थी हर किसी के चेहरे पर राम धुन गूंज रही थी मंदिरों तथा घरों को दूधिया रोशनी से भागवत ध्वज से सजाया गया था प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी मंदिरों में अलग से साज सज्जा की गई थी आकर्षित से भगवान का सिंगर भी किया गया था मंदिरों के दृश्य भी देखते ही बन रहा था सुबह से ही दर्शन करने के लिए भक्तों की मंदिरों में भीड़ लगी रही देर रात तक दर्शनों के लिए भक्तों आने जाने का सिलसिला चलता रहा आयोजनों के साथ प्रसादी का वितरण भी सभी मंदिरों पर किया गया। श्री राम लला सरकार मंदिर , छतरी नाका श्री हनुमान मंदिर, श्री मदन मोहन सरकार मंदिर ,श्री मनसा पूरन हनुमान मंदिर , चिंतामणि हनुमान मंदिर साहित्य शहर के सभी छोटे बड़े मंदिरों पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची रही। जनवरी में भी दिवाली जैसा नजारा देखने को मिला श्री कृष्ण गौशाला में क्षति विधायक उमाकांत शर्मा है दीप औसत की तरह गौ माता की पूजा अर्चना करके गो ग्रास खिलाया उनका आशीर्वाद लिया इसके उपरांत मंदिरों में दर्शन करने के लिए भी पहुंचे भगवान मराठा पुरुषोत्तम की भक्ति में लीन होकर विधायक भी जमकर झूमे नाचे भी।

### सुबह से मंदिरों में लगी लोगों की भीड़

सुबह से ही प्राण प्रतिष्ठा लेकर मंदिरों में रामायण पाठ ,हनुमान चालीसा के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गए थे। शहर में 150 मंदिरों पर धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए जहां पर प्रसादी वितरण से लेकर भंडारे हुए इसके अलावा कई स्थानों पर भजन संध्या के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए पूरे शहर को दुल्हन की तरह की सजाया गया था देर रात तक चल पल भी नगर में देखने को मिली दीपों से घर और मंदिर जगमग उठे आतिशबाजी का सिला सिलसिला दोपहर से प्रारंभ हुआ देर रात तक चला रहा। सभी कलयुग में त्रेता युग आने की बात कह रहे थे। वहीं रामराज्य की कल्पना सभी लोग करते हुए उत्साह के साथ भगवान श्री राम की प्रतिमा का दर्शन करने की लालायत दिख रहे थे लाइव प्रसारण के माध्यम से सीधी तस्वीर देखी इसके बाद आतिशबाजी का दौर जो प्रारंभ हुआ वह देर रात तक चलता रहा दीपावली से अधिक मात्रा में आतिशबाजी चलकर लोगों उत्साह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया।





### गणेश कटाई पर हुआ कार्यक्रम

अयोध्या धाम में रामललला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास साथ मनाया गणेश की अथाई थाई पर विधायक उमाकांत शर्मा ने भगवान राम के बाल रूप की पूजा अर्चना एवं आरती की इसी क्रम में गणेश अथाई स्थित गणेश मंदिर, शहर के प्राचीन रामलला मंदिर, क्षत्री स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए एवं क्षेत्र की मंगल कामना के लिए प्रार्थना की ।

### रामलला मंदिर में एलईडी पर देखा लाइव प्रसारण

वहीं नगर के प्राचीन रामलला मंदिर में बड़ी एलईडी के माध्यम से अयोध्या में हुए भगवान श्री राम की जन्म भूमि पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भक्तों को दिखाया गया विधायक शर्मा के साथ बड़ी में राम भक्त मौजूद थे ।

### दीपदान उत्सव मनाया

नगर पालिका परिषद के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शाम 6 बजे केथन नदी पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान के श्री चरणों में दीप अर्पित करके आरती की यहां का दृश्य भी रात्रि में देखते ही बन रहा।इसके अलावा अन्य मंदिरों पर भी कार्यक्रम आयोजित ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह के साथ धार्मिक आयोजनों की धूम रही।

### घर-घर में पूजन

दीपावली की तरह हर घर में दीप जलाकर भगवान श्री रामचंद्र की विधि विधान से पूजा अर्चना की घरों के बाहर तोरण द्वार भी लगाए गए थे।घरों की छतो पर ध्वज लहरा रहे थे आतिशबाजी का नजारा भी देखने को मिला बाजार में भी उत्सव उमंग का माहौल नजर आ रहा था हर किसी के चेहरे पर अलग ही खुशी देखने को मिली बासौदा नाके पर सभी दुकानदारों के जन सहयोग से भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें गायक कलाकारों ने एक बढ़कर एक राम भजन की प्रस्तुति देकर साम बांध दिया ,हनुमान चालीसा का पाठ भी हुआ प्रसादी का वितरण भी किया ।

# राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन 25 तक आमंत्रित

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

महिला बाल विकास विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिये समाज सेवाए महिला सुरक्षा के लिए वीरता तथा साहसिक कार्यों के लिए व्यक्तिगत संस्थागत और सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए 6 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते है। विभाग ने वर्ष 2023 के इन पुरस्कारों के लिए 25 जनवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय पुरस्कारों में रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार के अंतर्गत वीरता के लिए एक लाख रुपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। समाज सेवा के लिए राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा समाज सेवा के लिए विष्णु कुमार पुरस्कार के लिए एक. एक लाख रुपए और प्रशास्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। नारी सम्मान की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार अंतर्गत राज्य स्तर पर एक लाख रुपए की राशि और जिला स्तर पर 50 हजार रुपए की राशि तथा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। साहसिक कार्यों के लिए अरुणा शानबाग साहस पुरस्कार में एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

पुरुष महिलाओं की सुरक्षा के लिए राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार की श्रेणी में एक लाख रुपए के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। आवेदन के प्रारूप सहित पुरस्कार का पूरा विवरण विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदक अपने आवेदन की एक प्रति अपने जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास के कार्यालय में जमा कर जि सकते हैं। प्रविष्टि भेजने और अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास से संपर्क किया जा सकता है।

## पीएम श्रमयोगी मानधन योजना में 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रूपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी।इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है।

# पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाले आरोपी को सजा

## न्यायालय ने सुनाया आजीवन कारावास , लगाया अर्थ दंड

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अपर शास्त्र न्यायाधीश ने पत्नी की कुल्हाड़ी और चाकू से निर्मम हत्या करने वाले देवीलाल पुत्र तोफान सिंह आयु 42 वर्ष निवासी पाराशरी तहसील आरोन जिला गुना को दोषी सिद्ध होने पर न्यायाधीश सुरेंद्र सिंह मेश्राम ने आजीवन कारावास एवं 5000 के दंडित से किया गया है। विशेष लोक अभियोजक मनीष वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 दिसंबर 2020 को ग्राम बांसखेड़ी थाना मुगलसराय की की ताराबाई अहिरवार की उसके पति देवीलाल अहिरवार निवासी ग्राम पाराशरी जिला आरोन ने हत्या की जिस समय ताराबाई अपनी भाभी हीराबाई सुनीता बाई के साथ खेत से घास काट कर लौट रही थी तो रास्ते में उसके पति देवीलाल अहिरवार ने कुल्हाड़ी से और चाकू से हमला कर दिया जिस महिला खेत के रास्ते में ही गिर थी गंभीर चोंटे लगने की वजह से मौत हो गई



थाना मुगलसराय में उसके भाई भैरव सिंह ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर थाना मुगलसराय द्वारा धारा 302 का अपराध दर्ज किया गया उसके भाई भैरव सिहं ने रिपोर्ट में बताया कि मेरी बहन तारा वाई आज से दो महापूर्व उसके दो बच्चों को लेकर ग्राम बांसखेड़ी में आ गई थी उसका पति देवी लाल उसके साथ आए दिन मारपीट करता था जिसकी हमने थाना हारून में रिपोर्ट दर्ज कराई थी मेरी पत्नी और भाभियों के साथ मेरी बहन ताराबाई दोपहर के 12 बजे के लगभग घास काटने गई थी घास काट कर लौटते समय उसके पति ने उसकी कुल्हाड़ी और चाकू मार कर हत्या कर दी। प्रकरण में आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को आजीवन कारावास तथा अर्थ दंड से न्यायाधीश ने दंडित किया ।

मामले में आरोपी पति को आजीवन कारावास एवं रू.5000 के अंदर से दंडित किया है थाना मुगलसराय द्वारा आरोपी को 6 दिसंबर 2020 को गिरफ्तार कर लिया गया था तब से ही आरोपी उप लाटरी जेल में बंद था इस मामले में न्यायालय द्वारा 15 गांव की गवाही कराई गई थी गवाही होने के बाद पति को पत्नी की हत्या का दोषी पाया गया।

**मेट्रो एंकर** | स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा

# बदलते मौसम में निमोनिया से बचाव एवं उपचार की सलाह

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आम जनों को सलाह दी है कि निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अवगत किया गया है। जिससे कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। निमोनिया से बचाव एवं जागरूकता के लिए विभाग द्वारा 29 फरवरी तक सांस अभियान संचालित किया जायेगा। निमोनिया फेफड़े का संक्रमण है। जिससे फेफड़ों में सूजन हो जाती है। निमोनिया होने पर बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। तेज सांस चलना या छाती का धंसना निमोनिया के दो मुख्य चिन्ह है। प्रशिक्षण में शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा द्वारा बच्चों में सांस की दर को गिनकर निमोनिया के लक्षणों की पहचान के संबंध में जानकारी दी गई।



बच्चों में सांस की गति का ठीक ढंग से आकलन करके निमोनिया को प्रारंभिक अवस्था में ही पहचाना जा सकता है। इसके लिए बच्चों की श्वास को एक मिनट तक निरंतर देखा जाता है। दो माह तक की उम्र के बच्चों की सांस लेने की दर एक मिनट में 60 या उससे अधिक होने पर, 2 माह से एक वर्ष तक की आयु में 50 या उससे अधिक एवं 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों में प्रति मिनट 40 या उससे अधिक सांस की दर होने पर निमोनिया होने की संभावना रहती है। 5 वर्ष तक के बच्चों में सर्वाधिक मृत्यु का कारण निमोनिया है। निमोनिया से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण, छह माह तक सिर्फ स्तनपान और उसके बाद उचित पूरक आहार, विटामिन ए का सेवन, साबुन से हाथ धोना, घरेलू वायु प्रदूषण को कम करना आवश्यक है।



# शुरुआती 2 टेस्ट से विराट कोहली बाहर



**भारत दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, हैरी ब्रूक, जैक क्राउली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टले, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट और मार्क वुड।

**शुरुआती दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, सिराज, मुकेश कुमार और आवेश खान।

**मुंबई, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 25 जनवरी से होने जा रही है। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। टीम इंडिया फिलहाल टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और उसे इस रैंकिंग पर बने रहने या इससे ऊपर आने के लिए इंग्लैंड को अच्छे अंतर से हराना होगा। हालांकि, सीरीज शुरू होने से पहले ही टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। विराट कोहली शुरुआती दो टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसके पीछे की वजह बताते हुए निजी कारण बताया है।

विराट का इंग्लैंड के खिलाफ ओवरऑल टेस्ट रिकॉर्ड बहुत शानदार नहीं है, लेकिन अपने घर में जरूर वह इंग्लिश टीम के लिए मुश्किलें खड़ी करते रहे हैं। इंग्लैंड की मौजूदा टीम में शामिल गेंदबाजों में सिर्फ जेम्स एंडरसन और बेन स्टोक्स ही ऐसे गेंदबाज हैं, जिसने कोहली को परेशान किया है।

विराट को एंडरसन सात और स्टोक्स छह बार आउट कर चुके हैं। वहीं, मोईन अली (टेस्ट से संन्यास ले चुके) छह बार, स्टुअर्ट ब्रॉड (क्रिकेट से संन्यास) पांच बार, आदिल रशीद चार बार और क्रिस वोक्स, ग्रीम स्वान और ओली रॉबिन्सन तीन-तीन बार विराट को आउट कर चुके हैं। रॉबिन्सन ने भले ही विराट को तीन बार आउट किया हो, लेकिन ऐसा उन्होंने इंग्लैंड की पिच पर किया था। एंडरसन ने सात में से चार बार विराट को कैच आउट किया और तीन बार विकेट के पीछे कैच कराया है। वहीं, स्टोक्स ने छह में से विराट को एक बार बोल्ड, दो बार कैच आउट, दो बार विकेट के पीछे कैच और एक बार एल्बीडब्ल्यू आउट किया।

विराट का इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट रिकॉर्ड की बात करें तो उन्होंने इस टीम के खिलाफ 28 टेस्ट की 50 पारियों में 42.36 की औसत से 1991 रन बनाए हैं। इनमें पांच शतक और नौ अर्धशतक शामिल हैं। विराट इंग्लैंड के खिलाफ ही सबसे ज्यादा छह बार खाता नहीं खोल सके हैं। विराट का टेस्ट में यह किसी टीम के खिलाफ दूसरा सबसे खराब औसत है। इंग्लैंड के अलावा उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में 45.58 की औसत से रन बनाए हैं।

हालांकि, भारत में इंग्लैंड के खिलाफ विराट का टेस्ट रिकॉर्ड शानदार है। यहां 13 टेस्ट की 21 पारियों में उन्होंने 56.38 की औसत से 1015 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। भारत में सिर्फ दो बार ऐसा हो सका है जब वह इंग्लैंड के खिलाफ खाता नहीं खोल सके हैं। ऐसे में भारतीय टीम को मध्यक्रम में इस बल्लेबाज की सबसे ज्यादा जरूरत थी। अब जब वह बाहर हो गए हैं तो ऐसे में प्लेइंग-11 में भारी बदलाव देखने को मिल सकता है। बीसीसीआई ने फिलहाल किसी रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया है। ऐसे में एक स्पेशलिस्ट विकेटकीपर की एंट्री हो सकती है। केएस भरत या ध्रुव जुरेल को प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है।

# अयोध्या में 'कोहली' को फैंस ने घेरा, सेल्फी के लिए की धक्का-मुक्की



कोहली के जैसा दिखने वाला एक शख्स टीम इंडिया की ड्रेस में जरूर अयोध्या पहुंचा था, लेकिन उसे वहां की भीड़ ने घेर लिया। उस शख्स को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

**अयोध्या ।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट से हटने का फैसला किया। कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। हालांकि, कोहली के जैसा दिखने वाले एक शख्स को टीम इंडिया की जर्सी में बाहर निकलना भारी पड़ा। उसे सड़कों पर भीड़ ने घेर लिया। उस शख्स को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह वीडियो अयोध्या का बताया जा रहा है।

## अयोध्या की बताई जा रही है घटना

दरअसल, उस शख्स के साथ सेल्फी के लिए काफी तादाद में फैंस ने उन्हें घेर लिया। वीडियो में दिखा कि फैंस विराट कोहली की तरह दिखने वाले उस शख्स की एक झलक पाने के लिए उत्साहित थे और उस व्यक्ति के आसपास भारी भीड़ जमा थी जो उससे मिलना और सेल्फी लेना चाहता था। बाद में वह शख्स परेशान हो गया और वहां से दौड़कर भाग निकला। वीडियो के अंत में उसे भागते हुए देखा जा सकता है, लेकिन फैंस भी उसके पीछे भागने लगे।



## मेट्रो बाजार

# शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत, सेंसेक्स 500 अंक चढ़ा



**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में मंगलवार को सकारात्मक रूप से हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई। बाजार को अच्छे वैश्विक संकेतों से मजबूत मिली। दिसंबर तिमाही में शानदार नतीजों के बाद आईसीआईसीआई बैंक समेत अन्य शेयरों में जमकर खरीदारी दिखी। इसके कारण सेंसेक्स 500 अंक ऊपर खुला। निफ्टी भी शुरुआती कारोबार 21700 के पार पहुंच गया। मंगलवार के कारोबारी सेशन के दौरान आईटी, फार्मा और बैंकिंग सेक्टर में खरीदारी दिखी। वहीं मीडिया सेक्टर के शेयरों में बड़ी बिकवाली देखी गई। सोनी और जी के बीच विलय का करार टूटने के बाद जी एंटरटेनमेंट के शेयरों में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।

**रुपया छह पैसे कमजोर हुआ:** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और आयातकों की डॉलर मांग के बीच रुपया मंगलवार की सुबह के सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 6 पैसे गिरकर 83.13 के स्तर पर आ गया। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है क्योंकि विदेशी पूंजी निकासी से घरेलू शेयर बाजारों को मिल रहे समर्थन में कमी आई है।

**कर संग्रह में उछाल :** आयकर और जीएसटी मासिक संग्रह बढ़ने से सरकार अंतरिम बजट में राजकोषीय सूझबूझ पर चलते हुए भी किसानों एवं सामाजिक योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित करने की स्थिति में रहेगी। बजट में समाज के गरीब वर्गों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है। सूत्रों का कहना है, सरकार राजकोषीय सशक्तीकरण के मार्ग से हटे बिना मनरेगा, ग्रामीण सड़क, पीएम किसान सम्मान निधि और पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी सामाजिक योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित कर सकती है।

# तरुण खुल्वे जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली ।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने पूर्णकालिक निदेशक तरुण खुल्बे को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि पिछले सप्ताह कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में यह निर्णय किया गया। वहीं, बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) ई-कॉमर्स कंपनी उड़ान के मुख्य वित्तीय अधिकारी आदित्य पांडे तीन साल के कार्यकाल के बाद कंपनी से अलग हो रहे हैं। बयान के अनुसार, 'निदेशक मंडल ने तरुण खुल्बे को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में पदोन्नत करने को मंजूरी दे दी है। वह मई 2018 से कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।' कंपनी ने कहा कि वह सीईओ के अलावा इस पद पर बने रहेंगे।

# नीरज का दोहरा प्रदर्शन, एनएसटी की दूसरी जीत

## आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट




**भोपाल।** नीरज मिलन के दोहरे प्रदर्शन की मदद से एनएसटी ने जनसंपर्क को 13 रनों से हराकर 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में दूसरी जीत दर्ज की है। वह इस जीत से ग्रुप बी की पाइंट टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है। दिन के दूसरे मैच में हमीदिया ने महाबली इलेवन को सात वकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महाबली हारकर भी अंतिम आठ में प्रवेश कर गई। ओल्ड कैंपियन मैदान पर सोमवार को एनएसटी ने 20 ओवर में छह विकेट पर 122 रन बनाए। इसमें मोहन और अजय ने 21-21 रन बनाए। नीरज मिलन ने 19 रन बनाए। मृदुल पाठक ने दो विकेट लिए। जवाब में जनसंपर्क टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 109 रन बना सकी। उसकी ओर से मृदुल पाठक ने 25, दीपेश ने 23 और अखिल ने 20 रन बनाए। नीरज मिलन ने तीन विकेट लए। रामेश्वर भार्गव और मोहन द्ववेदी को 2-2 विकेट मिले। नीरज मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और मृदुल आरएनटीयू वैल्यूएबल प्लेयर चुने गए। दोनों को आईईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजीनियर बीएस यादव ने पुरस्कृत किया।

# महाराष्ट्र ने 5 तो हरियाणा ने जीते चार गोल्ड मेडल




**चेन्नई।** गत चैंपियन महाराष्ट्र और पिछले संस्करण के उपविजेता हरियाणा ने सोमवार को क्रमशः पांच और चार स्वर्ण पदक जीतकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 (तमिलनाडु) की पदक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की है। महाराष्ट्र ने जिमनास्टिक और योगासन में दो-दो स्वर्ण पदक और तलवारबाजी में एक पदक जीतकर ओवरआल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हरियाणा ने कबड्डी में दोनों स्वर्ण जीते और जूडो और तलवारबाजी में एक-एक पदक जीतकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। मेजबान तमिलनाडु ने छह स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर कब्जा जारी रखा है। इसमें टीएनपीईएसयू, चेन्नई में साइक्लिंग वेलोड्रोम से आए दो पदकों का योगदान है। जुडोका मेहेरुदक मखवाना (52 किग्रा) और शाहीन दरजादा (57 किग्रा) ने एक दिन पहले उसी एरेना में जीते गए दो स्वर्ण पदकों के साथ दो और स्वर्ण पदक जोड़े। इसके बाद गुजरात पांचवें स्थान पर पहुंच गया। तेलंगाना ने सोमवार को भी दो स्वर्ण पदक जीते। उसने जिमनास्टिक और साइक्लिंग में एक-एक पदक अपने खाते में जोड़ा।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# एमी विजेता शो से जुड़ीं दीपिका पादुकोण हॉलीवुड में फिर दिखाएंगी कमाल

दीपिका पादुकोण का नाम बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों की सूची में शुमार है। साल 2024 में दीपिका इतिहास रचने को तैयार हैं, क्योंकि इस साल उनकी एक दो नहीं तीन बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज होने वाली हैं। दो दिन बाद गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन अभिनीत पहली एक्शन एरियल फिल्म 'फाइटर' बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह चरम पर है। एडवांस बुकिंग मामले में यह मूवी शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच दीपिका के फैंस के लिए एक और बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बॉलीवुड के साथ ही अभिनेत्री हॉलीवुड में एक दफा फिर अपना जलवा बिखेरने वाली हैं। विन डीजल के साथ एक्सएक्सएक्स-रिटर्न ऑफ जेंडर केज जैसी परियोजनाओं की बदौलत दीपिका पादुकोण का अभिनय कौशल न केवल बॉलीवुड में बल्कि हॉलीवुड में भी प्रसिद्ध है। ऐसा लगता है कि दीपिका को एक और हॉलीवुड प्रोजेक्ट, सुपरहिट शो 'द व्हाइट लोटस' मिल गया है। अफवाहें हैं कि दीपिका लोकप्रिय शो 'द व्हाइट लोटस' के तीसरे सीजन में दिखाई देंगी। एमी विजेता इस शो की स्टार कास्ट में जेनिफर कूलिज, थियो जेम्स और ऑब्रे प्लाजा जैसे नाम शामिल हैं।



**शादी के बाद होगी पहली फिल्म**

# विजय की फिल्म को लेकर स्टंट मास्टर धिलिप ने किए खुलासे




दलपति विजय की आगामी फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के जरिए अभिनेता पहली बार वेंकट प्रभु के साथ काम करने जा रहे हैं। दलपति विजय की यह फिल्म घोषणा के बाद से ही चर्चा में है। वहीं, फिल्म के टाइटल और पोस्टर रिलीज के बाद फैंस इसे लेकर और उत्साहित हो गए हैं। हाल ही में, एक बातचीत के दौरान स्टंट मास्टर धिलिप सुब्बारायन ने अभिनेता दलपति विजय की आगामी फिल्म के बारे में कई दिलचस्प खुलासे किए। उन्होंने बताया कि वेंकट प्रभु कि यह फिल्म इमोशनल ड्रामा और एक्शन से भरपूर होगी।

**इमोशनल ड्रामा और एक्शन से भरपूर होगी फिल्म:** स्टंट मास्टर धिलिप सुब्बारायन ने कहा, वेंकट प्रभु की यह फिल्म एक इमोशनल ड्रामा और एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म को तकनीकी रूप से भी मजबूत और शानदार बनाया गया है। इस फिल्म के दो पोस्टर जारी किए गए, जिसमें विजय स्काइडाइविंग सूट के साथ नजर आए थे। उन्होंने आगे कहा, 'मैं फिलहाल कोई और फिल्म नहीं कर रहा हूं, क्योंकि इस फिल्म के लिए 90 दिनों के बैक टू बैक छोटे-छोटे एक्शन कार्यों पर काम कर रहा हूं, अब तक चार सीक्वेंस पूरे हो चुके हैं।'

# टीवी की हिट हसीनाएं फिल्मों में रहीं फ्लॉप







टेलीविजन जगत में अपनी पहचान बना लेने के बाद अक्सर सितारे बॉलीवुड की तरफ रुख करते हैं। जहां, कई सितारों को बॉलीवुड में सफलता मिल जाती है। वहीं, बहुत से कलाकार वापस छोटे पर्दे पर आ जाते हैं या फिर गुमनामी की दुनिया में खो जाते हैं। आज हम कुछ ऐसे ही कुछ अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जो टीवी पर तो काफी मशहूर हैं, लेकिन फिल्मों में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाईं।

**हिना खान:** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की हिना खान टेलीविजन की सबसे मशहूर नामों में से एक है। हिना खान ने बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाई थीं, लेकिन उनको वहां सफलता नहीं मिली। उनकी फिल्म 'हैक्ड' फ्लॉप रही और इसके बाद वे दूसरी किसी फिल्म में अहम भूमिका में नजर नहीं आईं।

**रुपाली गांगुली:** टेलीविजन की दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों में रुपाली गांगुली भी हैं । 'अनुपमा' सीरियल में काम करने से पहले रूपाली ने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें वो मुकाम बॉलीवुड में नहीं मिला है, जो उन्हें छोटे पर्दे से मिला है। रुपाली 'अंगारा', 'दो आंखें बारह हाथ' जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं, लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कोई खास पहचान मिली।

**श्वेता तिवारी:** 'कसौटी जिंदगी की' से घर घर मशहूर हुई श्वेता तिवारी फिल्मों में कुछ खास नहीं कर पाईं। श्वेता ने भोजपुरी फिल्मों में के अलावा बॉलीवुड में भी हाथ आजमाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें जो पहचान टेलीविजन से मिली वो फिल्मों से नहीं मिल पाई।

**प्राची देसाई:** प्राची देसाई टेलीविजन की सबसे मशहूर नामों में से एक हैं। जी टीवी के सीरियल 'कसम से' दर्शकों के दिल अपनी खास जगह बनाने वाली प्राची कई फिल्मों में भी नजर आईं, लेकिन उन्हें वो सफलता नहीं मिली जो टेलीविजन इंडस्ट्री में मिली। प्राची 'रॉक ऑन', 'वन्स अपॉन ए टाईम इन मुम्बई', 'बोल बच्चन' जैसी हिट फिल्मों का हिस्सा रहने के बाद भी वे लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं।

## डाक्टर्स ने मनाया रियूनियन जश्न



भोपाल। गांधी मेडिकल कॉलेज के वर्ष 79 बैच जुटान एडमिशन के 45 साल होने पर रियूनियन के रूप में हुआ। भोपाल के समीप के एक रिजॉर्ट में लगभग 50 डाक्टर्स जुटे। यह आयोजन डॉ रमेश माधव और उनकी टीम ने किया इस आयोजन में पूरे देश के अलावा विदेश से भी कई साथियों ने भाग लिया।

### मानव अधिकार आयोग ने दिए जांच के निर्देश

# हमीदिया के मर्चुरी में पत्थर के सहारे जर्जर डीप फ्रीज !

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले कुछ मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला हमीदिया अस्पताल के मर्चुरी के डीप फ्रीजर को पत्थर के सहारे चलाने का है। आयोग ने हमीदिया अस्पताल अधीक्षक और गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही से संबंध में तीन सप्ताह में जवाब और मर्चुरी में व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित कर प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि हमीदिया अस्पताल के मर्चुरी में फ्रीज में शव रखने के बाद दरवाजा बंद करने के लिये पत्थरों का सहारा लिया जा रहा है। लंबे समय से यही स्थिति बनी हुई है।

इसके साथ ही भोपाल जिले के बैरसिया थाना इलाके के ग्राम इमलिया में बीते शनिवार को अरुण पुत्र गोरेलाल नाथ नामक बालक के कुएं में डूबने से मौत के मामले में आयोग ने कलेक्टर, से घटना की जांच कराकर मृतक बालक अरुण के वैध उत्तराधिकारियों को शासन की योजना, नियमानुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

### 87 लाख में किया सौदा, लोकल मार्केट में टेस्ट कराने पर हकीकत आई सामने

# हरियाणा के हीरा व्यापारियों ने प्रापर्टी डीलर को लगाया 97 लाख का चूना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भोपाल। कोहेफिजा थाना क्षेत्र में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर को हरियाणा के दो हीरा व्यापारियों ने 97 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने हीरे की फर्जी टेस्ट रिपोर्ट व फर्जी प्रमाण-पत्र बनाकर प्रापर्टी डीलर को हीरा 87 लाख रुपए में बेचा था। लोकल मार्केट में टेस्ट कराने पर पता चला कि हीरे की कीमत महज 70 लाख रुपए है। कीमत पता चलने पर प्रॉपर्टी डीलर ने बाकि की रकम मांगी तो आरोपियों ने उनसे 26 लाख रुपए और हड़प लिए। घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार छह कोड़ी मंदिर, इतवारा निवासी रॉबिन सिंह ठाकुर उर्फ रानू प्रापर्टी डीलर हैं। उनका ऑफिस नादरा काम्प्लेक्स में है। करीब एक साल पहले ग्राम हरपालपुर जिला छतरपुर निवासी संदीप रावत अपने दो साथियों के साथ रॉबिन सिंह के ऑफिस पहुंचे थे। संदीप ने अपने साथ आए दोनों व्यक्तियों का परिचय हीरा व्यापारी गिरिराज गुप्ता व भरत भूषण यादव निवासी हरियाणा के रूप में कराया। उन्होंने अपनी फर्म का नाम मैसर्स जीएम डायमंड बताते हुए खुद को हीरा व्यवसायी बताया और रॉबिन सिंह से पूछा कि आप हीरा खरीदना चाहते हैं क्या? रॉबिन ने कहा कि पहले आप हीरा व उसका असली होने का प्रमाण-पत्र दें। संदीप के साथ आए दोनों व्यक्तियों ने हीरे से संबंधित प्रमाण-पत्र व हीरे की टेस्ट रिपोर्ट दिखा दी। उन्होंने बताया कि मार्केट में हीरे की कीमत एक करोड़ 25 लाख रुपए हैं, लेकिन रुपए की जरूरत होने के कारण वह 25 लाख रुपए की छूट दे देंगे।




**रकम लौटाने के नाम ठग लिए अतिरिक्त 26 लाख रुपए**

### 70 हजार का निकला हीरा

राबिन सिंह ने लोकल मार्केट में हीरे की टेस्ट रिपोर्ट व हीरे की गुणवत्ता की जांच कराई तो पता चला कि हीरा महज 70 लाख का है। उन्होंने अपने परिचित संदीप रावत से कहकर व्यापारियों से आईजीआई प्रमाण-पत्र मांगा। दोनों व्यापारी कुछ दिनों तक यह कहकर टालते रहे कि आईजीआई प्रमाण-पत्र में अधिक खर्च आता है। कुछ दिन बाद गिरिराज गुप्ता ने रॉबिन से कहा कि आप हीरा व 26 लाख रुपए और भेज दो। वे मार्केट में हीरा विक्रय कर एक करोड़ 20 लाख रुपए लौटा देंगे। एक बार और रॉबिन ने विश्वास किया और 26 लाख रुपए और दे दिए। इसके बाद फरियादी रॉबिन ने कुल एक करोड़ 20 लाख रुपए मांगे तो गिरिराज गुप्ता व भरत भूषण यादव ने कॉल रिसीव करना बंद कर दिया। रॉबिन सिंह ने दिल्ली पहुंचकर गिरीराज गुप्ता से पैसा वापस मांगा, लेकिन वह कहने लगे कि अभी हीरा बिका नहीं है। जब बिक जाएगा तब आपकी रकम लौटा दी जाएगी, लेकिन रुपए नहीं लौटाए गए।

### 87 लाख में तय हुआ सौदा

परिचित पर विश्वास कर हीरे का सौदा 87 लाख रुपए में तय हो गया। रॉबिन ने अपने मित्र अमित दलाल के खाते से गिरिराज गुप्ता के खाते में साढ़े पांच लाख रुपए व उनकी पत्नी के खाते में साढ़े पांच लाख रुपए ट्रांसफर करा दिए। इसके अलावा मित्र अमित दलाल की मौजूदगी में नादरा काम्प्लेक्स के ऑफिस में 76 लाख रुपए की राशि हीरा व्यापारी गिरिराज गुप्ता व भरत भूषण यादव को दे दी।

### सेमरा में बीती रात हुआ विवाद

# युवक की चाकू मारकर हत्या, पूजन के बाद डांस करते समय हुआ था विवाद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित उर्मिला मेडिकल के पास सेमरा में बीती रात करीब 11 बजे के आसपास डांस करते समय धक्का लगने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक की परिचित ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

एसआई शत्रुघन पटले ने बताया कि गुलशन श्रीवास्तव पिता राजेश श्रीवास्तव (22) एकतापुरी अशोका गार्डन में रहता?था। वह प्राइवेट काम करता था। उसके छोटे भाई शुभम ने पुलिस को राहुल रैकवार उर्मिला मेडिकल के पास सेमरा में रहता है। शुभम की बहन रिंकी राहुल को राखी बांधती है। लिहाजा शुभम और गुलशन का राहुल भाई लगता था। राहुल का गुलशन के घर आना जाना था।

### राहुल के घर थी श्रीराम लला की पूजा

सोमवार को राहुल के घर श्रीराम लला की पूजन पाठ थी। गुलशन और शुभम पूजन पाठ में शामिल होने गए थे। पूजन पाठ के बाद बॉक्स लगाकर सभी लोग डांस कर रहे थे। डांस करते समय राहुल रैकवार के एक दोस्त से गुलशन का विवाद हो गया। विवाद डांस करते समय गुलशन को धक्का लगने के कारण हुआ था।

### राहुल ने गले पर मारा चाकू

धक्का लगने राहुल का दोस्त और गुलशन आपस में विवाद करने लगे। राहुल ने गुलशन को समझाने का प्रयास किया तो वह गुलशन से गालीगलौज और विवाद करने लगा। इस बात से नाराज राहुल घर में रखा चाकू निकालकर लाया और गुलशन के गले पर हमला कर दिया। गले में चाकू लगने से गुलशन को गंभीर चोट आई?थी। उसका भाई शुभम उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुभम की शिकायत पर राहुल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**मेट्रो एंकर** ड्राइवर की लापरवाही, उतरने से पहले चला दी बस

# जहांगीराबाद के पास बीसीसीएल की बस से गिरी महिला, सिर में आई चोट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित डी मार्ट के पास बीसीसीएल की बस से उतरते समय महिला गिर गई। इस हादसे में महिला को सिर में गंभीर चोट आई हैं। बस का कंडक्टर उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां इलाज कराने के बाद उसे घर भेज दिया गया।

महिला को सिर में दर्द हुआ और आज फिर वह निजी अस्पताल पहुंची थी। निजी अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने बस चालक पर लापरवाही से बस चलाने का मामला दर्ज किया है। प्रधान आरक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि मनीषा सोनी पति मुकेश सोनी (45) शिव नगर



फाइल फोटो

छोला में रहती हैं। वह गृहणी हैं और गत 19 जनवरी को वह जहांगीराबाद मार्केट खरीदारी करने के लिए आई थी। नादरा बस स्टैंड से उन्होंने बीसीसीएल की बस पकड़ी। बस डी मार्ट के पास जहांगीराबाद में रुकी। बस रुकते ही मनीषा बस से उतर रही थी, तभी बस के चालक ने बस आगे बढ़ा दी और मनीषा गिर गई। गिरने के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी। कंडक्टर उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां उन्हें सिर में चार टांके आए हैं। वह इलाज कराने के बाद घर चली गई थी। सोमवार को उन्हें सिर में दर्द उठा और परिजन ने करोंद स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मनीषा के बयान दर्ज करने के बाद ड्राइवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# शराब के लिए अड़ीबाजी, दो युवकों पर चाकू से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित अन्ना नगर में सोमवार दोपहर तीन बदमाशों ने एक युवक को चौराहा पर रोक लिया और उससे शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगे। युवक ने अपने दोस्त को घटना की जानकारी दी और दोस्त मौके पर पहुंच गया। दोस्त ने तीनों युवकों से बातचीत की तो वह भड़क गए और मारपीट करते हुए दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से दोनों दोस्तों को चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी और मारपीट समेत रास्ता रोकने और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार मोहित विश्वकर्मा पिता रंगनाथ विश्वकर्मा (18) अमराई परिसर, बागसेवनिया में रहता हैं और पढ़ाई करता है। उसका दोस्त हेमंत सोनकर अन्ना नगर में रहता है। सोमवार को मोहित हेमंत से मिलने अन्ना नगर जा रहा था। इस दौरान तीन युवकों ने उसे अन्ना नगर चौराहा पर रोक लिया और शराब के लिए पैसे मांगने लगे। मोहित ने हेमंत को मोबाइल पर बताया। हेमंत चौराहा पर पहुंचा तो उसे आर्यन पाटिल, शनि विश्वकर्मा और अमन पाटिल मिले। हेमंत ने उन्हें बताया कि मोहित उसका दोस्त है। यह बात सुनकर आरोपी विवाद करने लगे और अड़ीबाजी करते हुए मोहित समेत हेमंत से मारपीट कर दी। मारपीट के बीच आर्यन ने चाकू निकाला और दोनों पर हमला कर दिया।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022